हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • सोमवार • 09.09.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 51 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### भाजपा ने जम्मू कश्मीर के लिए जारी की दस उम्मीदवारों की सूची

**नई दिल्ली** : भाजपा ने रविवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए छठी सूची में जारी की। इसमें 10 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। इसमें उधमपुर पूर्व से आरएस पठानिया और बांदीपुरा से नसीर अहमद लोन को मैदान में उतारा गया है। करनाह से मो. इदरीस करनाही चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा भाजपा की छठी सूची में फकीर मोहम्मद खान गुरेज (एसटी) से, अब्दुल रशीद खान सोनावारी से और गुलाम मोहम्मद मीर हंदवाड़ा से चुनाव लड़ेंगे। वहीं अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों में भारत भूषण कठुआ से, राजीव भगत बिश्नाह से और सुरिंदर भगत मढ़ से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा ने विक्रम रंधावा को बहू विधानसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है।

### पहलवान बजरंग पूनिया को जान से मारने की धमकी

**सोनीपत** : दो दिन पहले कांग्रेस में शामिल हुए पहलवान बजरंग पुनिया को जान से मारने की धमकी दी गई है। कांग्रेस ने उन्हें ऑल इंडिया किसान कांग्रेस के वर्किंग चेयरमैन नियुक्त किया है। बजरंग पूनिया के मोबाइल नंबर पर धमकी भरा मैसेज आया। व्हाट्सएप पर भेजे गए संदेश में लिखा था कि बजरंग, कांग्रेस छोड़ दो। वरना तेरे और तेरे परिवार के लिए ये अच्छा नहीं होगा। ये हमारा आखिरी संदेश है। चुनाव से पहले हम दिखा देंगे कि हम क्या चीज हैं। जहां शिकायत करनी है कर लो, ये हमारी पहली और आखिरी चेतावनी है। कांग्रेस नेता बजरंग पूनिया ने बहालगढ़ थाना में इस धमकी को लेकर शिकायत मिली है। पुलिस प्रवक्ता रविंद्र कुमार ने जानकारी दी कि इस धमकी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस जांच कर रही है। बजरंग पूनिया और पहलवान विनेश फोगाट ने 6 सितंबर को कांग्रेस में शामिल हुए थे। इसके बाद कांग्रेस ने विनेश फोगाट को हरियाणा के जींद जिले की जुलाना विधानसभा सीट से उम्मीदवार घोषित किया और बजरंग पूनिया को ऑल इंडिया किसान कांग्रेस का वर्किंग चेयरमैन नियुक्त किया।

### पटना- बक्सर रेल खंड पर दो भाग में बंटी मगध एक्सप्रेस

**पटना** : बिहार में दानापुर रेल मंडल अंतर्गत बक्सर जिला के टुडीगंज स्टेशन के समीप नई दिल्ली से पटना आ रही मगध एक्सप्रेस दो हिस्सों में रविवार को बंट गयी। हालांकि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है। नई दिल्ली से पटना होते हुए इस्लामपुर तक जाने वाली गाड़ी संख्या 20802 डाउन मगध एक्सप्रेस डुमरांव रेलवे स्टेशन से चलने के करीब आठ मिनट बाद दो हिस्सों में बंट गई। यह घटना बक्सर-आरा रेलखंड पर टुड़ीगंज और रघुनाथपुर रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। टुड़ीगंज रेलवे स्टेशन से चलने के करीब एक मिनट बाद ही यह घटना हुई। करीब 200 मीटर के फासले पर ट्रेन के दोनों हिस्से अलग-अलग खड़े हो गए। चीख पुकार सुनकर आगे जा चुकी बोगियों के लोगों ने ट्रेन रुकवाई, तब पायलट को ट्रेन के टूटने का पता चला। पायलट ने हादसे की जानकारी स्टेशन मास्टर को दी। जानकारी मिलते ही स्टेशन मास्टर टीम और कर्मचारी लेकर मौके पर पहुंचे।

# प्रधानमंत्री मोदी झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले राज्य को चार वंदे भारत ट्रेनों की देंगे सौगात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 सितंबर को झारखंड के जमशेदपुर आएंगे। वे झारखंड को चार वंदे भारत ट्रेन की सौगात देंगे। वे संताल परगाना से शुरू होने वाली दो वंदे भारत ट्रेनों को जमशेदपुर से हरी झंडी दिखाएंगे। विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री का यह दौरा अहम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री देवघर से बनारस और गोड्डा से रांची वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। साथ ही एक अन्य ट्रेन, जो कि बिहार के भागलपुर से चलकर पश्चिम बंगाल के हावड़ा जाएगी। यह ट्रेन हंसडीहा और दुमका होते हुए हावड़ा प्रस्थान करेगी। संताल परगना में गुजरने वाली तीन वंदे भारत ट्रेन के शुरू होने से यात्रियों को फायदा होगा। देवघर से बनारस वंदे भारत ट्रेन के परिचालन शुरू होने से लोगों में उत्साह है। बैद्यनाथ धाम से काशी विश्वनाथ



ज्योतिर्लिंग के बीच सीधी ट्रेन शुरू हो जाने से श्रद्धालुओं में खुशी है। अब लोग कम समय में बनारस जा सकेंगे। यह ट्रेन देवघर स्टेशन से दोपहर 3:15 बजे खुलेगी और गया के रास्ते बनारस रात 10:20 बजे पहुंचेगी। बनारस से यह ट्रेन सुबह 6:20 बजे खुलेगी और दोपहर 1:30 बजे देवघर पहुंचेगी। गोड्डा के लोगों को पहली वंदे भारत का तोहफा मिलने जा रहा है। इससे पहले गोड्डा से रांची जाने के लिए दो ट्रेनें थीं लेकिन अब वंदे भारत ट्रेन के शुरू होने से यात्रा का समय ठोड़ा कम हो जाएगा। जानकारी के मुताबिक गोड्डा स्टेशन से दोपहर 3:10 बजे वंदे भारत रांची के लिए खुलेगी, जो कि हसडीहा में 3:48 बजे, दुमका 4:33 बजे, बासुकिनाथ 4:48 बजे, देवघर 5:12 बजे, जसीडीह 5:33 बजे खुलेगी। यह ट्रेन मधुपुर और महेशमुंडा के रास्ते रांची पहुंचेगी। रांची से यह ट्रेन सुबह पांच बजे खुलेगी और दोपहर 2:10 बजे पहुंचेगी। भागलपुर से खुलकर कोलकाता को जाने वाली वंदे भारत ट्रेन दुमका होकर गुजरेगी। यह ट्रेन भागलपुर से दोपहर 3:20 मिनट में खुलेगी और हंसडीहा होते हुए दुमका से शाम 5:20 मिनट में खुलेगी। फिर रामपुरहाट होते हुए रात के 9:20 मिनट में हावड़ा पहुंचेगी। इस ट्रेन से दुमका से कोलकाता का सफर मात्र चार घंटे का रह जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने कोल्हान को दी 201 करोड़ की 96 योजनाओं की सौगात

# बेटियां हमारा बोझ नहीं, मजबूत संपत्ति बनेंगी : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम** : गुवा शहादत दिवस। कोल्हान समेत पूरे झारखंड के लिए यह एक ऐसा दिन है, जिसे हम ना कभी भूले हैं और ना कभी भूलेंगे। आने वाली पीढ़ी के लिए हमारे वीर शहीद हमेशा आदर्श रहेंगे । ये वीर शहीद सदैव हमारे मार्गदर्शक रहे हैं। ऐसे में इनके आदर्श पर चलकर झारखंड को नई दिशा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी में गुवा गोली कांड के शहीदों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा -सह - परियोजनाओं का शिलान्यास- उद्घाटन एवं परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे । इस अवसर पर उन्होंने शहीद स्थल में माल्यार्पण कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड हमेशा से वीरों की धरती रही है। झारखंड का कोई भी ऐसा कोना नहीं है, जहां से वीर शहीदों के नाम आपको सुनने को ना मिले। चाहे अन्याय- शोषण- जुल्म के खिलाफ लड़ाई हो या फिर ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जंग। हमारे आदिवासी -मूलवासियों ने हमेशा संघर्ष किया। उन्होंने किसी के सामने कभी झुकना नहीं सीखा। इन्होंने अपने मान -सम्मान और स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। भले ही इसके लिए अपनी कुबार्नी ही क्यों ना देनी पड़े। यही वजह है कि इतिहास के पन्नों में हमारे कई वीर शहीदों के नाम दर्ज है तो कई आज भी गुमनाम है। हमने हमें अपने सभी वीर शहीदों पर गर्व है।




गुवा शहादत दिवस पर मंच पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन व अन्य




कोल्हान में आयोजित कार्यक्रम में मंईयां सम्मान योजना का लाभ देते सीएम

**आदिवासी अपने संघर्ष और ताकत से अपना अधिकार लेते हैं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी मूल वासियों के रगों में जो खून दौड़ रहा है, वह जब उफान लेता है तो अपने हक और अधिकार के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक देता है। जितना आदिवासी का खून जमीन पर गिरता है, उतने ही आदिवासी वीर पैदा लेते हैं। आदिवासी संघर्षों से बिखरता नहीं है बल्कि और मजबूत होकर सामने आता है । मैं इस बात को दावे के साथ कर सकता हूं कि जिस तरह लंबी लड़ाई के बाद झारखंड अलग राज्य लिया, उसी तरह इस राज्य को और मजबूत बनाने का काम कर रहे हैं।

**2019 में सरकार गठन के साथ चुनौतियों पर चुनौतियां आती रहीं पर विकास को देते रहे रफ्तार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 में हमारी सरकार के गठन के साथी बड़ी-बड़ी चुनौतियां हमारे सामने आती रही। एक तरफ कोरोना की वजह से झारखंड समेत पूरी पूरी वैश्विक व्यवस्था ठप हो गई थी । ऐसे समय में भी हमारी सरकार ने जीवन आजीविका को बचाने का कार्य किया। इसके बाद भी चुनौतियां कम नहीं हुई। पिछले दो वर्षों में सुखाड़ हमारे हमारे लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय बना रहा। लेकिन, इन विपरीत परिस्थितियों के बीच भी राज्य सरकार की योजनाएं शानदार तरीके से धरातल पर उतर रही हैं और विकास का नया आयाम गढ़ा जा रहा है।

**आपको किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़े**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के ग्रामीण इलाकों में आज भी एक बड़ी आबादी गरीबी की जिंदगी जीने को मजबूर है। यहां वे बिचौलियों- दलालों के चंगुल में फंसे रहते हैं। खाने- पीने के समान से लेकर अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए दलालों से पैसे लेना पड़ जाता है। ऐसे में बिचौलियागिरी खत्म करना हमारा संकल्प है । यही वजह है कि हमारी सरकार ग्रामीण व्यवस्था को मजबूत करने के मकसद से कई योजनाएं लेकर आई है, ताकि आप इन योजनाओं से जुड़कर अपने को सशक्त बनाएं ताकि किसी के आगे आपको हाथ फैलाना नहीं पड़े। उन्होंने कहा कि आने वाले 5 वर्षों में हर घर में एक लाख रुपए हर वर्ष पहुंचानेने का काम हमारी सरकार करेगी, ताकि आपको किसी से कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़े।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियां हमारी बोझ नहीं मजबूत संपत्ति बनेंगी। अपनी बहन- बेटियों के सशक्तिकरण के लिए सरकार पूरी ताकत के साथ काम कर रही है । उन्होंने लोगों से कहा कि वे अपनी बेटियों को जरूर पढ़ाएं। पढ़ाई पर होने वाले खर्च की चिंता नहीं करें। सरकार बच्चियों की पढ़ाई का पूरा जिम्मा उठा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह अपनी बहन बेटियों के तकलीफ और दुःख- दर्द से भली भांति वाकिफ हैं। ऐसे में उन्हें कैसे आगे बढ़ाएं, इस पर सरकार लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में झारखंड मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना के माध्यम से आधी आबादी को सशक्त बना रहे हैं।

**देश के नीति निर्धारकों ने झारखंड पर नहीं दिया कोई ध्यान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश-दुनिया में झारखंड की पहचान सोने के चिड़िया के रूप में है। यहां खनिज संसाधनों की प्रचुरता है, लेकिन यहां के आदिवासी -मूलवासी आज तक पिछड़े हैं। इसकी साफ वजह है कि देश के नीति- निर्धारकों की नजर में झारखंड की कभी अहमियत नहीं रही। यहां के लोगों को मजदूरी करने के लिए छोड़ दिया गया। वे रोजी-रोटी की खातिर हमेशा पलायन करने को मजबूर रहे । झारखंड को किस कदर दरकिनार किया गया, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आज भी इस राज्य का एक लाख 36 हजार करोड रुपए केंद्र पर बकाया है । अगर यह पैसा हमें मिल जाए तो झारखंड की दशा और दिशा पूरी तरह बदल देंगे।

**77 योजनाओं की रखी गई आधारशिला, 19 का उद्घाटन**

मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम में 201 करोड़ 83 लाख 6 हजार 547 रुपए की लागत से 96 योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास शामिल है। इसमें 153 करोड़ 33 लाख 3 हजार 847 रुपए की 77 योजनाओं की नींव रखी गयी, वहीं 48 करोड़ 50 लाख 2 हजार 650 रुपए की 19 योजनाओं का उद्घाटन हुआ। इसके साथ लाभुकों के बीच 103 करोड़ 41 लाख 80 हजार रुपए की परिसंपत्तियां बांटी गई। शहादत दिवस कार्यक्रम में मंत्री दीपक बिरूवा, सांसद जोबा मांझी, विधायक निरल पूर्ति, विधायक दशरथ गागराई, विधायक सुखराम उरांव, विधायक सोनाराम सिंकू, कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त हरि कुमार केशरी, डीआईजी मनोज रतन चौथे के अलावा पश्चिमी सिंहभूम जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे।

# बिजली की समस्या के लिए राज्य सरकार ही जिम्मेदार : कोयला मंत्री



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे एक दिवसीय दौरे पर रविवार को धनबाद पहुंचे। अपने दौरे के दौरान वो सबसे पहले कोयला नगर स्थित बीसीसीएल मुख्यालय के समीप बने शहीद स्मारक पर पहुंच उन्होंने शहीदों को नमन किया। इसके बाद उन्हें बीसीसीएल की तरफ से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री बीसीसीएल के कोयला खदानों को देखने निकल गए। वो बीसीसीएल के सिजुआ क्षेत्र के अग्निप्रभावित क्षेत्र बाँसजोड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद, बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता सहित बीसीसीएल के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। अग्निप्रभावित क्षेत्र बाँसजोड़ा के निरीक्षण के बाद केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री का काफिला बीसीसीएल के अत्याधुनिक खदान मुनीडीह पहंचा। यहां अंडरग्राउंड माइंस के निरीक्षण से पूर्व कोयला मंत्री ने सुरक्षा के मद्देनजर ड्रेसअप किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि देश की जीडीपी में कोल इंडिया की 10 प्रतिशत की सहभागिता है। कोल इंडिया दिन प्रतिदिन विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य है कि कोल इंडिया के कोयला से पूरा देश रौशन है, लेकिन झारखंड में बिजली की समस्या यथावत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार बिजली खरीद ही नहीं पाती, जिस पावर सेक्टर से बिजली खरीदना है, उसे झारखंड सरकार समय पर पेमेंट ही नहीं कर पाती है। ऐसे में बिजली का आना-जाना, बिजली कटना जैसी समस्याएं लगी रहती हैं। केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री ने कहा कि कोल इंडिया के पास इस प्रदेश के विकास के लिए भी राशि है।

## अबूधाबी के क्राउन प्रिंस पहुंचे भारत, आज प्रधानमंत्री से मिलेंगे

**नई दिल्ली** : अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रविवार को नई दिल्ली पहुंचे। यहां केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने उनका स्वागत किया। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है। क्राउन प्रिंस के साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। कल अबू धाबी के क्राउन प्रिंस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलेंगे और द्विपक्षीय सहयोग के कई क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। उनका भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलने का कार्यक्रम है। वे महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट भी जाएंगे। मंगलवार को वे एक बिजनेस फोरम में भाग लेने के लिए मुंबई जाएंगे, जिसमें दोनों देशों के कारोबारी नेता भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत और यूएई के बीच ऐतिहासिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। हाल के वर्षों में, भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी राजनीति, व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और संस्कृति सहित कई क्षेत्रों में गहरी हुई है। क्राउन प्रिंस की यात्रा भारत-यूएई द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी और नए और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के लिए रास्ते खोलेगी।

# महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या और भ्रष्टाचार के विरोध में टीएमसी सांसद ने दिया इस्तीफा

एजेंसी

**कोलकाता** : आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या और अस्पताल में भ्रष्टाचार के विरोध में तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य जवाहर सरकार ने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इसी के साथ उन्होंने राजनीति से संन्यास लेने का भी ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक लंबा पत्र लिखकर उन्होंने इस मामले में राज्य सरकार के रवैये की तीखी निंदा की है। आरजी कर अस्पताल से जुड़ी घटनाओं के खिलाफ आवाज



उठाने वाले जोहर सरकार पहले नेता नहीं हैं। इससे पहले तृणमूल के राज्यसभा सदस्य सुखेंदु शेखर राय ने भी इस मामले पर पार्टी के रवैये पर सवाल उठाए थे। लेकिन पहली बार सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद ने इस्तीफा देने का फैसला किया है। ममता बनर्जी को लिखे अपने पत्र में जवाहर सरकार ने कहा, मैंने पिछले एक महीने से आरजी कर अस्पताल की घृणित घटना के खिलाफ सभी की प्रतिक्रिया देखी है और सोचा है कि आप पुराने ममता बनर्जी की तरह क्यों नहीं जूनियर डॉक्टरों से सीधी बात कर रही हैं। अब सरकार द्वारा जो भी शासकीय कदम उठाए जा रहे हैं, वे बहुत कम और काफी देर से उठाए गए हैं। इससे पहले ममता ने इस आंदोलन को वामपंथी और भाजपा का समर्थन प्राप्त बताया था। उसी राह पर चलते हुए तृणमूल के अन्य नेताओं ने भी इस आंदोलन को राजनीतिक साजिश करार दिया। जवाहर सरकार ने इस प्रवृत्ति की निंदा करते हुए लिखा कि इस आंदोलन में शामिल लोग गैर-राजनीतिक और स्वतःस्फूर्त रूप से विरोध कर रहे हैं। इसलिए इस आंदोलन पर राजनीतिक लेबल लगाना उचित नहीं होगा। ये लोग राजनीति को पसंद नहीं करते। वे केवल न्याय और सजा की मांग कर रहे हैं। जवाहर सरकार के इस कदम के बाद तृणमूल में एक नई चुनौती खड़ी हो गई है, जो आने वाले दिनों में पार्टी की राजनीतिक स्थिति पर बड़ा प्रभाव डाल सकती है।

**एक नजर**

### रोजगार के लिए प्रोत्साहित कर रही है राज्य सरकार : अंबा



**बड़कागांव** : विधायक अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत शनिवार को बड़कागांव में लाभुक के बीच स्कॉर्पियो वाहन का वितरण किया। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत स्कॉर्पियो वाहन की चाबी प्रदान की। योजना के तहत लाभुक हरली निवासी चंदन कुमार रवि को स्कॉर्पियो वाहन दिया गया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार रोजगार के लिए युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है। राज्य सरकार विकास के प्रति गंभीर है। राज्य सरकार ने अभी 18 से 50 वर्ष की युवतियों व महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना लागू की है। मौके पर रामदुलार साव, मोहम्मद इस्लाम, दिगंबर साव, सुनील कुमार, जागेश्वर दास, कल्याण विभाग के कर्मी सहित कई लोग मौजूद थे।

### लंबी उम्र की कामना का पर्व है तीज : अविनाश देव

**मेदिनीनगर (पलामू)** : ऐसे तो तीज त्योढा दंपतियों के लिए खास माना गया है लेकिन महिलाएं अपने पति के लंबी आयु के लिए करती है और इसी में बच्चो को पेड़किया जो खास पकवान है का इंतजार रहता है। जो बच्चे मां पिता से दूर रहते हैं या जिन बच्चों के मां पिता दूर हैं वे निशु होते रहते हैं। संत मरियम आवासीय विद्यालय के बच्चे उदास व निशु न होवें घर के पेड़किया आने से पहले उन लोगों को पेड़किया खिला कर घर के माहौल दिए। मां पिता के कमी को न खले इसके लिए बच्चों को गोद लिए पुचकारे और नेह स्नेह दिए। आवासीय बच्चे बहुत ही प्रशांचित दिखे। सबों ने पेड़किया का स्वाद लेकर चटकारा लगाया और माता पिता के अनुपस्थिति को मुस्कुरा कर दूर किया।

### विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में सीपीआई ने भरी हुंकार

**मेदिनीनगर (पलामू)** : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन रांची के अटल टेंडर मार्केट में संपन्न हुआ जिसमें पलामू जिला के सैकड़ो कार्यकताओं ने जिला सचिव सह भागी विधायक उम्मीदवार डाल्टनगंज रूचिर कुमार तिवारी के नेतृत्व में भाग लिया मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के महासचिव डी राजा पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार सहित पार्टी के हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे मौके पर भाजपा जिला सचिव कर राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि झारखंड में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पूरी तरह मजबूती के साथ चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

# गोवंशीय पशुओं की तस्करी करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार, भेजे गये जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)**: पलामू पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर गौवंशीय तस्करी करने वाले पांच तस्करों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सदर थाना प्रभारी उत्तम राय ने बताया कि दिनांक 07 सितम्बर को समय करीब 03:30 बजे रात्रि अवैध रूप से क्रूरता पूर्वक क्षमता से अधिक गौवंशीय पशुओं को लोडकर रॉची की तरफ तस्करी हेतु ले जाया रहा है। इस सूचना पर वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए आदेशानुसार सिंगरा के पास औरंगाबाद डालटनगंज मुख्य मार्ग पर चेकिंग लगाया गया। तो समय करीब 04:10 बजे पड़वा की तरफ से एक कन्टेनर आता दिखाई दिया तो उक्त कन्टेनर को सशस्त्र बल की मदद से रोकने के लिए इशारा करने पर वो कन्टेनर और तेजी से गाड़ी भागने लगा। तथा पुलिस बल को जान से कुचलने का भी प्रयास करते हुये तेजी से डालटनगंज की तरफ भागने लगा।तब पलामू पुलिस को सक हकीकत में बदल गया भीर उस समय वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुये पीछा किया गया तो हेरिटेज स्कुल के पास एक ट्रक रोड़ पर लगाकर रोड़ को बाधित करते हुए। कन्टेनर गाडी रजिस्ट्रेशन नं० ल्फ 47उ 3981,को रोकने पर मंजूर अंसारी उम्र करीब 35 वर्ष पिता ईमामुद्दीन अंसारी,साबिर अंसारी उम्र करीब 30 वर्ष पिता इदरीश अंसारी दोनो पता, सदपुर, थाना-पाटन, जिला, पलामू, अंसारी उम्र करीब 42 वर्ष पिता स्व० सदीक अंसारी, ईम्तियाज अंसारी उम्र करीब 30 वर्ष पिता स्व० सदीक अंसारी,दोनो पता- बड़की पाल्हे, थाना, पाटन, जिला, पलामू, अब्दुल कादिर उम्र करीब 42 वर्ष पिता स्व० सोबराती अंसारी, पता गमहता, थाना, पाटन जिला, पलामू के गौवंशीय तस्करी करने वाले पांचों आरोपी कुरता पूर्वक गोवंशीय पशुओं को बांध कर ले जाया जा रहे थे। कुल 47 पशुअ पायें गये जिसमें से 04 पशु मृत थे।चार मोबाइल भी बरामद किया गया है तथा सभी आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



## कारीमाटी में 63 केवीए के नए ट्रांसफार्मर का पंचायत प्रतिनिधियों ने किया उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : बरही प्रखंड के पंचमाधव कारीमाटी में 63 केवीए क्षमता के नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। उनके साथ स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया, जिससे गांववासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

**ट्रांसफार्मर की कमी से ग्रामीणों को हो रही थी परेशानी**

पंचमाधव कारीमाटी गांव में ट्रांसफार्मर की कमी के कारण बिजली की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इससे न सिर्फ ग्रामीणों के घरों में बिजली की आपूर्ति बाधित हो रही थी, बल्कि किसानों को भी कृषि कार्यों में मुश्किलें पेश आ रही थीं। इस नई 63 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर से अब इन सभी समस्याओं का समाधान हो सकेगा और बिजली आपूर्ति पहले से बेहतर होगी।

**जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति**

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, महादेव यादव, विजय राणा, रविन्द्र कुमार यादव, विजय राणा, शिवकुमार, महेंद्र यादव, मनोज राणा, संजय यादव, सुभाष यादव, विजय यादव, शिवशाहाय सहित कई अन्य प्रमुख स्थानीय नेता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## मेगा विधिक सेवा प्राधिकार और सरकार आपके द्वार शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : बरही प्रखंड कार्यालय में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार और आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सिंधु नाथ लंबे, प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, सीओ रामनारायण खलखो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सिंधु नाथ लंबे ने कहा कि जब तक लोग जागरूक नहीं होंगे तब तक अपने हक एवं अधिकार से वंचित रहेंगे। न्यायालय आपकी सेवा के लिए है। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की जरूरत है। इस दौरान साईबर फ्रॉड से बचने, महिलाओं पर घरेलू हिंसा, सडक हादसे में मुआवजा, जमीन-जायदाद आदि संबंधित मामलों की जानकारियां दी गई। शिविर में 26 लाख 44 हजार 988 रुपये परिसम्पत्ति का वितरण किया गया। जिसमें पेंशन 9000, मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना 4000, मनरेगा 396988, आवास 1000000, बाल विकास परियोजना से 35000, महिला समूह को 120000 और 7 नया राशन कार्ड का वितरण किया गया। शिविर में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं उनके लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी लोगों को दी गई। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी, खाद्य आपूर्ति, अबुआ आवास, अंचल तथा अन्य विभागों के द्वारा स्टॉल लगाया गया था। मौके पर सीओ, प्रमुख, उपप्रमुख के अधिवक्ता बासुदेव राणा, पीएलवी जीतू कुमार, खड्गधारी मेहता, इम्तियाज, साँवना मांझी, सुरेंद्र, कमलेश, गोपाल राम, मोहन, प्रशांत कुमार समेत अन्य मौजूद थे।



## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन कल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)** : नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवम प्रभावी निवारण हेतु झारखंड पुलिस अनूठी पहल की शुरूआत की है। जिसके तहत पूरे झारखंड में अलग अलग जगहों पर आगामी 10 सितंबर को 11 बजे शिविर आयोजित की जाएगी। हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के निवासीयों के लिए हुसैनाबाद टाउन हॉल में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत आगामी 10 सितंबर को शिविर आयोजित की जाएगी।इसकी जानकारी हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने दी। उन्होंने बताया कि पलामू पुलिस अधीक्षक रेशमा रमेशन के निदेर्शानुसार जन शिकायत/समस्या निवारण के लिए झारखंड पुलिस ने आगामी 10 सितंबर को दिन में 11 बजे स्थानीय टाउन हॉल के सभागार में शिविर आयोजित की जाएगी। जिसमें जनहित की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। शिविर में थाना प्रभारी, अंचलाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित कई वरीय प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहेंगे।इसके लिए आवेदन शिविर में दिया जा सकता है या अपनी समस्या को व्हाट्स ऐप, फेसबुक, ट्विटर, ईमेल आदि माध्यम से अवगत कराया जा सकता है। जिसका त्वरित समाधान किया जाएगा। उन्होंने तमाम नागरिकों से अपील की है कि अगर उनके पास कोई जन समस्या है तो वे शिविर में ससमय निर्धारित स्थल पर अवश्य पहुंचे तथा लिखित या मौखिक शिकायत करें ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। आपकी समस्याओं का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता है।



## नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : जिले में खेलों के प्रति जागरूकता और उत्साह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज कटकमसांडी में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का शानदार उद्घाटन हुआ। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का उद्घाटन हजारीबाग के लोकप्रिय सांसद मनीष जायसवाल ने किया। इस अवसर पर डॉ. अमित सिन्हा ने सांसद मनीष जायसवाल के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि हमारे सांसद युवाओं और खेलप्रेमियों को नई दिशा देने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। डॉ. अमित सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट न केवल युवाओं के बीच खेल भावना को बढ़ावा देते हैं, बल्कि उन्हें अनुशासन, समर्पण और परिश्रम जैसे महत्वपूर्ण गुण भी सिखाते हैं। खेल के माध्यम से शारीरिक और मानसिक विकास होता है, और यही कारण है कि जिले में खेलों को प्राथमिकता दी जा रही है। डॉ. सिन्हा ने कहा कि खेलेगा हजारीबाग, तो बढ़ेगा हजारीबाग के नारे के साथ युवाओं का भविष्य संवारने के लिए यह आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में खेल प्रेमियों और युवाओं को नई दिशा देने की बात की। उनके नेतृत्व में खेल सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। सांसद मनीष जायसवाल का मानना है कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह युवाओं को अनुशासन, टीम वर्क और आत्मविश्वास सिखाने का एक माध्यम भी है।



### गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूजा के कई कार्यक्रमों में शामिल हुए युवा नेता ज्योति पांडेय

**चैनपुर (पलामू)** : चैनपुर के हिंदू एकता मंच, किसान संघ, सिद्धिविनायक क्लब, के पूजा पंडाल में उपस्थित होकर भगवान गणेश का दर्शन आशीर्वाद प्राप्त किया पूजा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ज्योति पाण्डेय ने कहा कि चैनपुर में सभी पूजा आस्था के साथ बहुत ही धूमधाम से मनाए जाते हैं यहां के युवा बहुत ही उत्साही और आस्था में विश्वास रखने वाले हैं विगत कई वर्षों से मुझे रामनवमी, दशहरा, छठ पूजा, में आप सभी युवा साथियों के माध्यम से यहां आने का अवसर मिलता रहा है जिसके लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूं इस तरह के अवसर पर हम सब मिलते हैं और हमारे संबंध और मजबूत होते हैं सनातन धर्म, संस्कृति, पूजा पाठ, आस्था ही वह जड़े हैं जो हमें मजबूत बनाती है इन सभी के बदौलत ही हम लोगों की मदद ,अपने जीवन में सदाचार का पालन, और अच्छे कर्म कर पाते हैं और जब हमारी जड़े मजबूत रहेगी तो हमारा जीवन भी संतुलित रहेगा।

### गणपति की प्रतिमा पंडाल का एनसीपी नेता ने किया उद्घाटन

**हरिहरगंज (पलामू)** : नवयुवक गणपति सेवा समिति हरिहरगंज ने इस वर्ष गणपति की प्रतिमा रख कर गणपति पूजा कर रहा है। शनिवार को पंडाल का उद्घाटन एनसीपी के जिला प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह फीता काट कर किया। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधन किया। उन्होंने कहा कि गणपति भगवान सबसे श्रेष्ठ हैं। गणपति की पूजा हर अवसर पर की जाती है, मगर यह खास त्योहार गणपति पूजा का है। इस त्योहार में गणपति पूजा का बड़ा महत्व है। यह महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों में काफी श्रद्धा व धूम धाम के साथ मनाया जाता है। उन्होंने गणपति की प्रतिमा स्थापित कर पूजा करने का अवसर इस क्षेत्र के लोगों को देने के लिए नवयुवक गणपति सेवा समिति का आभार जताया।

## कर्जन ग्राउंड में कर्मा महोत्सव की तैयारियों का भाजपा नेत्री शेफाली ने किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : सदर विधानसभा, हजारीबाग में कल 9 सितंबर 2024 को आयोजित होने वाले कर्मा महोत्सव की तैयारियों का भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने आज कर्जन ग्राउंड पर निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन स्थल का दौरा कर वहां चल रही व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और आयोजन समिति को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ रानी सिंह, मनमीत अकेला, विशाल वाल्मीकि, रोहित राम एवम कई पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय पदाधिकारी भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आयोजन स्थल पर मंच, साउंड सिस्टम, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम और अन्य सुविधाओं का मुआयना किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें। शेफाली गुप्ता ने कहा, कर्मा महोत्सव झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है। इस महोत्सव के माध्यम से हम अपनी पारंपरिक कला और संस्कृति को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। मैं चाहती हूं कि यह आयोजन हर दृष्टिकोण से सफल हो और इसमें भाग लेने वाले सभी लोग इस अनुभव को जीवन भर याद रखें। उन्होंने यह भी बताया कि इस महोत्सव में सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता, रील प्रतियोगिता और वादन प्रतियोगिता जैसी अनेक सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। उन्होंने आयोजन समिति को यह भी निर्देश दिया कि प्रतिभागियों की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। शेफाली गुप्ता ने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस महोत्सव में भाग लें और झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और बढ़ावा देने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा, यह महोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजोने का एक प्रयास है। हमें इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सामूहिक रूप से काम करना होगा। निरीक्षण के बाद, शेफाली गुप्ता ने आयोजन समिति के सदस्यों के साथ एक बैठक की, जिसमें उन्होंने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की और आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की।



**संक्षिप्त खबरें**

### मेगा लीगल कैंप में 2 करोड़ का परिसंपति का हुआ वितरण



**चौपारण** : चौपारण प्रखंड सभागार में बीडीओ सीमा कुमारी के नेतृत्व में झालसा रांची द्वारा मेगा लीगल इम्पावरमेंट कैम्प का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग सचिव गौरव खुराना के निर्देशन में रविवार को किया गया। शिविर का उदघाटन सीएलडी अधिवक्ता मुरली राणा, बीडीओ सीमा कुमारी, सीओ संजय कुमार यादव, बीईईओ राकेश कुमार, एमओ भूपनाथ महतो, नागेंद्र कुमार, अशोक ठाकुर, हरियाली दूत दिनेश साव ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। शिविर मे बीडीओ ने महिला मंडल की दीदियों सहित मौजूद सैकड़ो लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं स्वावलंबी बनने के बाद ही सशक्त परिवार व समाज बना सकते हैं। उन्होंने महिला मंडल को एक करोड़ 46 लाख 50 हजार का चेक देने के बाद महिलाओ की खिलता चेहरे की ओर इशारा करते हुए शिविर में आई महिलाओ को कहा कि आप सब भी महिला ग्रुप बनाकर बेहतर कार्य कर सशक्त बनें। सीओ संजय यादव ने कानूनी जागरूकता से संबंधित जानकारी दिए। सीएलडी राणा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश लोग कानून के बारे में जानकारी नही होने के कारण सामाजिक न्याय से वंचित रह जाते हैं। कोई भी व्यक्ति आर्थिक या किसी अन्य कारण से न्याय से वंचित नहीं रह सकता है। जिसके अंतर्गत लोगों को सरकारी खर्च पर वकील, कोर्ट फीस के लिए खर्च, अभिलेख कागजातों की सुविधाएं लोगों को प्राप्त करवाने के लिए डालसा जागरूकता फैला रही है। जिससे उन्हें नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान की जा सके। साथ ही उन्होंने अपने प्रखंड में संचालित सारी योजनाओं को बारे में बताया गया और लाभांवित लोगो को सीधा लाभ दिया गया। संचालन रोजगार सेवक विराज रविदास ने किया।

### दनुआ घाटी में 6 गाड़ियों की टक्कर, एक बच्ची की मौत, कई घायल



**चौपारण** : चौपारण थाना क्षेत्र के दनुआ घाटी मौत की घाटी बन गई है। यह घाटी मौत की घाटी के नाम से कुख्यात है। इस घाटी में रविवार को फिर एक साथ 6 गाड़ियों की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक 8 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई, जबकि कई घायल हो गए हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार चौपारण के सीएचसी में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार चतरा जिले के तूलबुल से सभी एक ऑटो में सवार होकर सत्संग में शामिल होने के लिए बिहार के शोभ जा रहे थे। दनुआ घाटी में ऑटो को पीछे से एक अनियंत्रित कंटेनर ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ऑटो 30 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इस घटना से ऑटो में सवार एक 8 वर्षीय तूलबुल निवासी बच्ची की मौत घटनास्थल पर हो गई। घटना के बाद एक-एक करके कई गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस पूरी घटना में 11 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। जिसमें 6 की स्थिति को गंभीर बताते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिये बाहर रेफर कर दिया है। वहीं घटना के बाद से घाटी की सड़क को वन वे में कन्वर्ट कर यातायात को सुचारू किया गया। दरअसल चौपारण के दनुआ घाटी में मौत का तांडव कब मच जाए, इसका कोई अंदाजा नहीं हैं। करीब 11 किलोमीटर तक सड़क बेहद खस्ता हालत में है।

### नगर निगम के सफाई कर्मियों की हड़ताल के समर्थन में किया चक्का जाम, फूंका सरकार का पुतला



**हजारीबाग** : नगर निगम के सफाई कर्मी का हड़ताल करें 20 दिनों से चल रहा है। इसके समर्थन में स्वच्छ भारत अभियान के जिला संयोजक नीरज कुमार गुप्ता ने रविवार को चक्का जाम बुलाया था। हजारीबाग के जिला बोर्ड चौक में उन्होंने चक्का जाम किया। साथ ही हेमंत सोरेन का पुतला भी फूका। चक्का जाम के दौरान नीरज कुमार गुप्ता सफाई कर्मी एवं उनके समर्थकों ने हेमंत सोरेन मुदार्बाद का नारा लगाया। सफाई कर्मियों के हड़ताल को मुख्यमंत्री के कानों तक पहुंचने के लिए चक्का जाम किया गया। चक्का जाम के माध्यम से जिला संयोजक नीरज कुमार गुप्ता ने सफाई कर्मियों का दो मांगों को पूरा करने की बात कही जिसमें सफाई कर्मियों को हर महीने वेतन देना और जिन सफाई कर्मियों का 10 वर्ष से ऊपर अनुबंध में काम कर चुके हैं उन लोगों को स्थाई करने कि मांग कि है।

### मां चम्पेश्वरी दुर्गापूजा समिति की हुई बैठक



**हजारीबाग** : इचाक क्षेत्र अंतर्गत ऐतिहासिक मां चम्पेश्वरी दुगार्पूजा समिति की बैठक दुर्गा मंडप प्रांगण में शिवशंकर यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शारदीय दुगार्पूजा के सफल आयोजन के लिए सर्वसम्मति से नई कमिटी का चयन किया गया जिसमें बिनोद यादव को अध्यक्ष सतीश उपाध्याय को सचिव तथा विजय यादव को कोषाध्यक्ष बनाया गया जबकि नवरात्र पूजा के लिए मुख्य यजमान भास्कर उपाध्याय पति-पत्नी रहेंगे। पुर्व अध्यक्ष शिवशंकर यादव ने कहा की माता चम्पेश्वरी के इस पावन भूमि पर माता का आराधना करना पुरे क्षेत्र को खुशीयों से भर देता है तथा नवरात्र में माता की विशेष पूजा की जाती है। पुर्व अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा की आने वाले दुर्गा पूजा को लेकर लोगों में खासा उत्साह है तथा आज की बैठक उन सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने को लेकर किया गया। नव नियुक्त अध्यक्ष बिनोद यादव ने कहा की पुर्व की भांति इस बार भी मां चम्पेश्वरी दुगार्पूजा समिति पुजा का आयोजन करेगी जिसमें भव्य माता की प्रतिमा, पंडाल तथा लाइट्स विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। सचिव सतीश उपाध्याय ने कहा की नवरात्र के दौरान पुजा पंडाल में आनेवाले श्रद्धालुओं के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी जिसमें सुलभ दर्शन, पेयजल सहित महिलाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है जबकि हर दिन भव्य भंडारे की भी व्यवस्था किया गया है। बैठक में पुरुषोत्तम उपाध्याय, बसंत राम, मनोज यादव,कार्तिक उपाध्याय, राजेश यादव, प्रदीप यादव, राहुल सोनी, दिलीप राणा, दिनेश्वर यादव, महेश पासवान सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बेरोजगार मोर्चा ने अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर विचार गोष्ठी का किया आयोजन



**मेदिनीनगर (पलामू)** : अंतराष्टिया सक्षतरता दिवस के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई कार्यकर्म की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने किया संचालन संजय कुमार ने किया सर्व प्रथम मां सरस्वती के तस्वीर पर फूल माला चढ़ा कर कार्यकर्म की शुरूआत की गई।मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा की साक्षरता अभियान को आंदोलनकातम रूप दिए बिना समाज को शिक्षित करना संभव नहीं है शिक्षा के बिना राज्य की समृद्धि खुशहाली और विकास के कल्पना करना संभव नहीं है स्त्री और पुरुष को समान रूप से शिक्षित किए बिना समाज का उत्थान संभव नहीं है पलामू प्रमंडल का साक्षरता दर संतोषजनक नहीं है जबकि झारखंड सरकार शिक्षा पर काफी पैसा खर्च कर रही है दलित एवम आदिवासियों के बीच आज भी शिक्षा का घोर अभाव है शिक्षा के बेगार मानव जीवन अधूरा है शिक्षा ही विकास की पहली सीढ़ी है इस लिए साक्षर होना सभी को जरूरी है इस अवसर पर संजीत कुमार अरविंद कुमार उदेश राम सनी कुमार अरुण पासवान सूरज कुमार ने साक्षरता अभियान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा की साक्षरता अभियान में सभी वर्गो को सामिल किया जाए तभी साक्षरता अभियान कार्यक्रम सफल होगा झारखंड सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जा रहे पोषाहार योजना पर प्रकाश डाला पोषहार योजना चलाए जा रहे है।

# बोकारो स्टील सिटी ने रोटरी प्ले स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** स्टील सिटी, ७ सितंबर २०२४ – रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने अपने अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में रोटरी प्ले स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह को बड़े उत्साह के साथ मनाया। यह आयोजन रोटरी प्ले स्कूल के शिक्षकों के साथ साथ शहर के प्रमुख विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से किया गया था, जिसमें क्लब सचिव हरदीप सिंह, स्कूल की चेयरमैन रोटेरियन पूनम त्रेहान, गैर-स्वास्थ्य समिति के निदेशक रोटेरियन अनिल त्रिपाठी, पूर्व रोटरी डिस्ट्रिक्ट गर्वनर रोटेरियन महेश केजरीवाल, वरिष्ट सदस्य पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन अशोक जैन, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन बी एस जायसवाल, रोटेरियन अशोक केडिया, रोटेरियन संजय तिवारी, रोटेरियन मन्नू



श्रीवास्तव, रोटेरियन विवेक कक्कड़, रोटेरियन धरमपाल, प्रधानाचार्य रोटेरियन मानसी सहाना और उप-प्रधानाचार्य रोटेरियन सीमा गिरी एवं सलाहकार समिति के प्रभारी रोटेरियन प्रदीप नारायण तथा कोषाध्यक्ष रोटेरियन प्रदीप रे तथा अनेकों रोटरी सदस्यों सहित विभिन्न स्कूलों से आमंत्रित शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति रही। अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता ने सभा को संबोधित करते हुए शिक्षकों को उनके निस्वार्थ समर्पण और बच्चों के मन-मस्तिष्क को संवारने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षक राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनकी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता ही है जो एक सशक्त और प्रगतिशील समाज की नींव डालती है। शिक्षक वो मार्गदर्शक हैं जो हमारे बच्चों को प्रेरित करते हैं, प्रोत्साहित करते हैं और उन्हें दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं। हम उनके कठिन परिश्रम और समर्पण के प्रति हृदय से आभारी हैं। रोटरी प्ले स्कूल की चेयरपर्सन रोटेरियन पूनम त्रेहान ने भी इस अवसर पर छात्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने में शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने शिक्षा और शिक्षकों के कल्याण के प्रति रोटरी क्लब के निरंतर समर्थन पर भी प्रकाश डाला। रोटेरियन पूनम त्रेहान ने कहा हम शिक्षकों के अमूल्य योगदान को पहचानने और समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और आज का कार्यक्रम हमारे आभार की एक छोटी सी अभिव्यक्ति मात्र है। स्कूल कमिटी की चेयरमैन रोटेरियन पूनम त्रेहान ने अपने संबोधन में विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण समय के दौरान शिक्षकों की दृढ़ता एवं प्रतिबद्धता की खुले दिल से सराहना की। उन्होंने कहा, ₹हमारे शहर के शिक्षक लगातार अपने जुनून और लगन का प्रदर्शन करते रहे हैं, और उन्होंने सदैव यह सुनिश्चित किया है कि हर बच्चे को सर्वोत्तम शिक्षा मिले। उनके प्रयास हमारे शहर के विद्यालयों और समुदाय की व्यापक एवं समग्र सफलता के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गर्वनर रोटेरियन महेश केजरीवाल ने कहा कि उनकी उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता हमारे छात्रों के विकास में परिलक्षित होती है और आज उनके योगदान को सम्मानित करना हमारे लिए गर्व की बात है। रोटरी प्ले स्कूल के इस समारोह में करीब करीब १६ विभिन्न स्कूलों से आए हुए ४७ शिक्षकों को अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता एवं उनकी कार्यकारिणी तथा रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### गुड्डू घोष ने आसनसोल विधायिका से की मुलाकात



**धनबाद:** भाजपा नेता गुडडू घोष ने आसनसोल की विधायिका सह धनबाद जिला की क्लस्टर प्रभारी श्रीमति अग्निमित्रा पाल दीदी से भेंट कर गुलदस्ता प्रदान किया व वर्तमान में धनबाद के स्थिति से अवगत कराया । साथ ही आसनसोल की विधायिका श्रीमति दीदी का अभिनंदन कर बाघमारा विधानसभा के चुनाव को लेकर चर्चा किया ।

### झारखंड में सबका साथ सबका विकास वाली सरकार बनानी है : अग्नि मित्रा पाल



**कतरास (धनबाद):** चिटाही स्थित सांसद आवास पर शनिवार को भाजपा बाघमारा विधानसभा के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक हुई।बैठक में क्लस्टर प्रभारी आसनसोल दक्षिण की विधायक अग्नि मित्रा पाल ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार को हटाकर झारखंड में सबका साथ, सबका विकास वाली सरकार बनानी है। कहा कि जनता ने मन बना लिया है कि सबका उन्नयन करने वाली सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार जनता से किया वादा भूल गयी और अंत में जनता को बुद्धु बना रही है। लेकिन जनता इनके झांसें में आने वाली नहीं है।

### बाघमारा सीट फिर जीतेगी भाजपा : सांसद

**बोकारो :** सांसद ढुलू महतो ने कहा कि बाघमारा की सीट रिकार्ड मतों से फिर भाजपा जीतेगी। उन्होंने कार्यकताओं को कमर कस लेने को कहा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो, प्रभारी राजकुमार श्रीवास्तव, रंजय कुमार, महानगर अध्यक्ष श्रवण राय, प्रमुख गीता देवी, उपप्रमुख रंजीत सिंह, बच्चू राय, शेखर सिंह, सूर्यदेव मिश्रा, गौरचंद बाउरी, राजू शर्मा, निपू सिंह, नागेश्वर सिंह, छोटन अंसारी, संजय पांडेय, मनोज सिंह, सुरेश साव, पप्पू सिंह, महेश पासवान, कंचन चौरसिया, उत्तम गयाली, आरपी महतो, राकेश सिंह, धनेश्वर महतो, बबलू बनर्जी, मंजीत सिंह आदि थे।

### सिटी पार्क के डैफोडिल फूड होटल में अवैध शराब की हो रही थी बिक्री



**बोकारो:** उपायुक्त विजया जाधव को प्राप्त गुप्त सूचना पर उत्पाद विभाग ने रविवार को बड़ी कार्रवाई की। बोकारो स्टील सिटी थाना अंतर्गत सेक्टर वन स्थित सिटी पार्क परिसर में संचालित डैफोडिल फूड होटल में छापामारी की गई। यह छापेमारी उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त उत्पाद के मार्ग दर्शन में किया गया। इस क्रम में होटल से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त किया गया। होटल से 146 पीस (44.808 लीटर) विदेशी शराब, बडवाइसर बियर 500 एमएल (10 पीस) एवं झारखंड सरकार का नकली लोगो बरामद हुआ। श मौके पर मौजूद होटल संचालक सुदेश कुमार शानन को उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया। इधर, उपायुक्त बोकारो ने आमजनों से अपने आस – पास अवैध शराब की बिक्री/परिवहन एवं भंडारण को लेकर कोई भी सूचना उन्हें देने की अपील की है। आमजनों को विश्वास दिलाया हैं।

## एकेडब्ल्यूएमसी में कोलियरी कर्मचारी संघ की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ, कतरास क्षेत्र के एकेडब्लूएमसी शाखा की बैठक शिव मंदिर प्रांगण में विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसका संचालन अमरेश चौधरी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष भौमिक महतो, केंद्रीय मंत्री सह प्रभारी कतरास क्षेत्र प्रसांत कुमार नियोगी ,केंद्रीय कोषाध्यक्ष राघवेंद्र नारायण पाण्डेय, क्षेत्रीय अध्यक्ष रामजीत महतो ,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सत्तार,क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष रामदेव प्रसाद सुमन, क्षेत्रीय सह संघटन मंत्री सह प्रभारी राजू कुमार,क्षेत्रीय सह सचिव संतोष सिंह, क्षेत्रीय सेफ्टी बोर्ड मेंबर मधुसूदन रवानी, शाखा के उपेंद्र पांडे,ओम प्रकाश, सूरजदेव बेलदार, कृष्णा प्रधान, भरत कुमार,भागीरथ कर्मकार, श्याम सुंदर साव, पप्पू यादव, नवलेश कुमार, सुरेश चौहान, शंकर बेलदार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जोहार पार्टी ने किया विस्तार, कई को सौंपा पदभार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बालीडीह स्थित कुर्मिडीह मिशन स्कूल में रविवार को जोहार पार्टी के जिला अध्यक्ष भागीरथ दिगार की अगुवाई में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता नजमा खातून तथा संचालन राजेश मुर्मू ने की। बैठक में संगठन को मजबूती देने के लिए चर्चा की गई। क्षेत्र से अधिकाधिक कार्यकर्ता जोड़ने पर बाल दिया गया। आगामी विधानसभा चुनाव बोकारो के विधानसभा प्रत्याशी मनोज कुमार महली बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। इस दौरान कुमीर्डीह के ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर पार्टी में सदस्यता लिया। इस दौरान संगठन विस्तार करते हुए कई के बीच पदभार बांटा गया। इनमें जिला महामंत्री आकाश गोस्वामी, संगठन मंत्री कुणाल गोस्वामी, उपाध्यक्ष जारू देवी, दुलाली देवी, कोषाध्यक्ष अनिता बड़ाईक, सचिव गुलशन परवीन, नीलम देवी, जिला उपाध्यक्ष सुशीला देवी, संगठन मंत्री सुनीता देवी, कोषाध्यक्ष रोजनिल तिर्की, संगठन मंत्री सबिता देवी, बिलाशी देवी, शिलवंती, कांडोलाना,आशा देवी, बालीडीह मंडल, सचिव अनवर हुसैन, भीम लायक, दीपक कुमार यादव, नंदन कुमार पासवान, संतोष कुमार मांझी, सतेंद्र सिंह, राहुल कुमार मंडल, ललिता देवी ने पद ग्रहण किया।

### हावड़ा इंटरसिटी से कटकर रेल कर्मी की मौत

**बोकारो :** भोजुडीह रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक मेन आनंद प्रकाश (49 वर्षीय) की मौत रांची-हावड़ा इंटरसिटी ट्रेन की चपेट में आने से हो गई. घटना रविवार सुबह करीब सवा 9 बजे की है, जब बोकारो से खुलकर यह ट्रेन भोजुडीह पहुंचने वाली थी। शव इंजन में फंस गया। ट्रेन रोक दी गई। शव हटाने को लेकर जीआरपी तथा स्थानीय थाना पुलिस के बीच सीमा को लेकर माथापच्ची शुरू हुई। करीब 11 बजे इंजन से शव हटाने के बाद ट्रेन आद्रा की ओर रवाना हुई। बता दें कि मृतका बिहार के जमुई जिला का निवासी था। रेलवे ट्रैक के बगल में झाड़ियों की सफाई में लगा था कर्मी- बताया जाता है कि यह घटना भोजुडीह रेलवे स्टेशन से करीब दो किलोमीटर पहले पोल संख्या 314/बी जी/13 के समीप हुई।

## भारत विकास परिषद ने राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का किया आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बुद्ध विहार सेक्टर चार में रविवार को भारत विकास परिषद दक्षिण शाखा ने शाखा स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता के आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेल, (एस आर यू) के अधिशासी निदेशक श्री प्रसन्न कुमार रथ थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित एवं भारत माता तथा विवेकानंद जी की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर के किया। श्री रथ ने कहा कि विद्यार्थियों को देश की सभ्यता- संस्कृति से जोड़ने की पहल हो रही है। संस्था बच्चों में राष्ट्रप्रेम का भाव जागृत कर रही है। उन्होंने कहा कि, देश का न केवल आर्थिक विकास बल्कि सांस्कृतिक तथा बौद्धिक विकास भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। शाखाअध्यक्ष संजय सिंह ने सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों को भारत विकास परिषद एवं परिषद के प्रकल्पों का परिचय दिया। कार्यक्रम संयोजक राजेश कुमार ने प्रतियोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा कोषाध्यक्ष अनुप कुमार ने मुख्य अतिथि का परिचय संबोधन किया। प्रतियोगिता मे नगर के आठ विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया जिस में मुख्य रूप से सरस्वती शिशु मंदिर, सेक्टर 2, आशा लता विकलांग विकास केंद्र, ए.आर.एस पब्लिक स्कूल, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल पिंडराजोरा, माउंट सायन स्कूल, सेक्टर 12, एस.व्ही.एन. पब्लिक स्कूल, चास, डी ए वी इस्पात सेक्टर 2सी, तथा जी जी पी एस चास के विद्यार्थियों ने भाग लिया। आशालता के बच्चों ने वन्देमातरम गीत एवं स्वागत गीत का गायन किया। रंग बिरंगे परिधानों में सुसज्जित सभी विद्यालयों के बच्चों ने परिषद के 'चेतना के स्वर' पुस्तिका से चुनिंदा राष्ट्रभक्ति गीत के माध्यम से लोगों में देशप्रेम का भाव जागृत करता एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं।

## जेंडर समानता को लेकर मिला प्रशिक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कसमार :** प्रखंड के पंचायत खैराचातर पंचायत भवन में सहयोगिनी संस्था द्वारा जेंडर भेदभाव एवं सरकारी योजनाओं से जुड़ाव से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने कहा कि किशोरियों का समेकित विकास के लिए सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ाव जरूरी है। इसके लिए हमे लगातार प्रयास किए जीने की जरूरत है। प्रशिक्षक प्रकाश चंद्र झा ने इस दौरान लिंग भेद दूर करने के लिए हमे लगातार घर, परिवार, समाज ने बदलाव का प्रयास करना होगा।इस दौरान सहयोगिनी द्वारा गठित अलग-अलग किशोरी समूह के 30 पियर लीडरों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान सावित्री बाई किशोरी समृद्धि योजना, छात्रवृति, सैनिटरी नैपकिन, साइकिल वितरण, मैया योजना, गुरुजी कार्ड, पीएमकेवीवाई, सारथी योजना आदि की जानकारी दी गई। साथ ही जेंडर समानता को लेकर पीपीटी तथा समूह चर्चा द्वारा जानकारी दी गई। इस दौरान सहयोगिनी संस्था के प्रकाश महतो, प्रतिमा सिंह, रिया हलधर और विनीता देवी आदि मौजूद थी।

## गणेश मंडली व्यापारी संघ ने किया गणेश पूजा का आयोजन, 25 फुट की प्रतिमा रही आकर्षण का केंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**बोकारो :** गणेश मंडली व्यापारी संघ द्वारा गणेश प्रतिमा स्थल हर्षवर्धन प्लाजा सिटी सेंटर बोकारो स्टील सिटी में गणेश उत्सव का आयोजन किया गया पंडितों द्वारा विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ पूजा का शुभारंभ किया गया अतिथियों का स्वागत साल एवं गणेश जी की प्रतिमा देकर की गई मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, धनबाद सांसद ढुलू महतो, विरोधी दल मुख्य सचेतक एवं बोकारो विधायक बिरांची नारायण, भाजपा बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय मौजूद रहे पंडित द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई तथा मेले का शुभ आरंभ किया गया अमर बाउरी ने समस्त नगर वासियों को गणेश पूजा की ढेर सारी शुभकामनाएं दी एवं शांति और मंगल की कामना की वही धनबाद लोकसभा सांसद ढुल्लू महतो ने गणपति बप्पा की पूजा अर्चना की एवं गणपति बप्पा से प्रार्थना किया कि देश दुनिया में अमन चैन कायम रहे सभी के दिलों में एक दूसरे के प्रति प्यार रहे। बोकारो विधायक बिरांची नारायण ने अपने संबोधन में आए हुए समस्त श्रद्धालुओं को नमन करते हुए कहा कि गणपति बप्पा का आशीर्वाद आप सब पर सदैव इसी तरह बना रहे और जिस तरह से बोकारो में प्रत्येक वर्ष गणेश पूजा धीरे-धीरे और भव्य होते जा रहा है और लोगों में बप्पा के प्रति प्यार दिख रहा है । उन्होंने बप्पा से समस्त नगर वासियों के लिए प्रार्थना की नगर वासियों को गणेश पूजा के शुभ अवसर पर ढेर सारी शुभकामनाएं दी और अमन चैन की दुआएं मांगी। गणेश मंडली द्वारा बताया गया कि हम लोग यह पूजा लगभग कई वर्षों से कर रहे हैं और यह पूजा धीरे-धीरे बढ़ती ही जा रही है पूजा में आए हुए सभी श्रद्धालुओं के लिए हर तरह से व्यवस्था की गई है जिससे आए हुए श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। सुरक्षा व्यवस्था की भी पुख्ता इंतजाम किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कोयला एवं खान राज्य मंत्री का उपायुक्त ने किया स्वागत



**धनबाद:** माननीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री, भारत सरकार,सतीश चंद्र दुबे बीती रात धनबाद पहुंचे। इस मौके पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने गुलदस्ता देकर माननीय मंत्री का स्वागत किया। इसके बाद माननीय मंत्री ने माननीय विधायक, उपायुक्त, कोल इंडिया लिमिटेड तथा भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के पदाधिकारियों के साथ खनन को लेकर चर्चा की। माननीय मंत्री भारत कोकिंग कोल लिमिटेड द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए धनबाद पधारे हैं। इस मौके पर माननीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री, भारत सरकार सतीश चंद्र दुबे, उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, माननीय विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, धनबाद विधायक राज सिन्हा, कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पीएम प्रसाद, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के सीएमडी समिरन दत्ता, डायरेक्ट (पर्सनल) एमके रमैया, डायरेक्टर (टेक्निकल) संजय सिंह, सिटी एसपी अजीत कुमार के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा आयोजन समिति की हुई बैठक



**धनबाद :** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा आयोजन समिति तेतुलमारी कोलियरी (पांडेयडीह) का आयोजन की अध्यक्षता तत्कालीन पार्षद राममूर्ति सिंह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। पूर्व कमिटी के देखरेख में पूजा सम्पन्न होगी। बैठक में अध्यक्ष एन के सिंह,सचिव मंटू महतो व कोषाध्यक्ष महिराम मांझी सहित पुरानी कमिटी के देखरेख में धूमधाम से दुर्गा पूजा करने का निर्णय लिया गया।बीसीसीएल कर्मियों से 400 रुपये प्रति कर्मी दान स्वरूप चंदा देने पर सहमति बनी। बैठक में तत्कालीन पार्षद राममूर्ति सिंह,रामेश्वर सिंह,एन के सिंह, नागेंद्र वर्मा, मंटू महतो, उपेन्द्र प्रजापति, महिराम मांझी, पूर्व पार्षद बिरजू बाउरी, प्रकाश वर्मा, पंचू वर्मा, चुनमुन सिंह, राजू मल्लाह, बसंत चौहान, जितेन्द्र सिंह, राजेश कुमार, सत्येंद्र सिंह, हरिद्वार चौहान, अश्वनी वर्मा, मनोज सोनार, मृत्युंजय सिंह, शिव कुमार मल्लाह, सत्यनारायण चौहान, चंदन महतो, भुटाली सिंह, अनिल वर्मा, बैजनाथ वर्मा, गौरी पांडेय, प्रमोद सिंह, कमलेश वर्मा, विगत वर्मा,बिजय चौहान, धर्मेन्द्र सिंह, नकुल पासवान, पंकज ठाकुर, प्रदीप वर्मा, श्रवण वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### जेबीकेएसएस नेताओं की पिटाई, बालू ट्रैक्टरों से कर रहे थे वसूली

**धनबाद :** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के तिलैया चौक के समीप शनिवार देर रात बालू लदे ट्रक व ट्रैक्टरों से जेबीकेएसएस के नेता वसूली कर रहे थे। इससे परेशान होकर चालकों और ग्रामीणों ने जेबीकेएसएस के नेता रिजवान अंसारी व अन्य 3 की जमकर पिटाई कर दी।

ट्रैक्टर चालकों से मिली जानकारी के अनुसार जेबीकेएसएस अल्पसंख्यक मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष रिजवान अंसारी स्कार्पियो से डोमनपुर, मनियाडीह रोड़ स्थित तिलैया गांव पहुंचे थे। वहां वे बालू लदे ट्रैक्टर चालकों से 500-500 रुपये मांगने लगे। चालकों से उन्होंने कहा कि हमलोग रांची से आए हैं। जेबीकेएसएस के नेता हैं। इसका विरोध करने पर उन्होंने चालकों को पुलिस को फोन कर गाड़ी जब्त करा देने की धमकी दी। ट्रैक्टर चालकों ने घटना की सूचना अपने मालिक और ग्रामीणों को दी। सूचना पाकर कई ट्रैक्टर मालिक और ग्रामीण वहां पहुंच गए। उन्होंने रिजवान अंसारी और उनके साथी नेताओं को बंधक बना कर पीटा। इसके बाद ट्रैक्टर चालकों से वसूले गए रुपये की मांग करने लगे। ग्रामीणों ने उनकी स्कार्पियो भी क्षतिग्रस्त कर दी। बाद में कुछ लोगों ने बीच बचाव कर उन्हें मुक्त कराया। इसके बाद रिजवान अंसारी गाड़ी में सवार होकर चले गए।

### हनुमान दल ने धूमधाम से मनाया गणेश उत्सव, मेले में उमड़ी भीड़



**बोकारो :** सेक्टर 4 मजदूर मैदान में हनुमान दल क्लब द्वारा गणेश पूजा उत्सव का किया गया आयोजन। पंडितों द्वारा विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ पूजा का शुभारंभ किया गया मौके पर धनबाद लोकसभा पूर्व प्रत्याशी अनुपमा सिंह को पंडित द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई तथा मेले का शुभ आरंभ किया गया अनुपमा सिंह ने समस्त नगर वासियों को गणेश पूजा की ढेर सारी शुभकामनाएं दी एवं शांति एवं मंगल की कामना की। वही झामुमो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी ने गणपति बप्पा की पूजा अर्चना की एवं गणपति बप्पा से प्रार्थना किया कि देश दुनिया में अमन चैन कायम रहे सभी के दिलों में एक दूसरे के प्रति प्यार रहे। झामुमो मंटू यादव ने अपने संबोधन में आए हुए समस्त श्रद्धालुओं को नमन करते हुए कहा कि गणपति बप्पा का आशीर्वाद आप सब पर सदैव इसी तरह बना रहे और जिस तरह से गणेश पूजा प्रत्येक वर्ष धीरे-धीरे और भव्य होते जा रहा है और लोगों में बप्पा के प्रति प्यार दिख रहा है उन्होंने बप्पा से समस्त नगर वासियों के लिए प्रार्थना की मंत्री पुत्र राजू महतो ने भी समस्त नगर वासियों को गणेश पूजा के शुभ अवसर पर ढेर सारी शुभकामनाएं दी और अमन चैन की दुआएं मांगी। आए हुए सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देखकर कमेटी के लोगों ने सम्मानित किया।

पूजा के अध्यक्ष आनंद कुमार बताया कि हम लोग यह पूजा लगभग 3 वर्ष से कर रहे हैं और यह पूजा धीरे-धीरे निरंत नहीं बढ़ती जा रही है मेला में आए हुए सभी श्रद्धालुओं के लिए हर तरह से व्यवस्था की गई है जिससे आए हुए श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े सुरक्षा व्यवस्था की भी पुख्ता इंतजाम किया गया है हमारे कमेटी के मेंबर मेला में चारों तरफ फैले हुए हैं ताकि आए हुए श्रद्धालुओं को किसी भी तरह का कठिनाइयों का सामना न करना पड़े इस बार अयोध्या में श्री राम जी की बहुत ही धूम रही उसी को लेकर हम लोगों ने पंडाल का निर्माण अयोध्या राम मंदिर के रूप में की गई है।

# क्यों युवा और कारोबारी कर रहे खुदकुशी



आर.के.सिन्हा

**हमने युवाओं, कारोबारियों और अन्य लोगों के आत्म हत्या करने के कारणों और इस समस्या के हल तलाशने के लिए विश्व आत्महत्या निवारण दिवस ( 12 सितंबर) को राजधानी दिल्ली में एक महत्वपूर्ण सेमिनार का भी आयोजन किया है, जहां पर मनोचिकित्सक, पत्रकार और सोशल वर्कर अपने अनुभवों के आधार पर अपने पेपर पढ़ेंगे। उन निष्कर्षों के बाद हम आगे की रणनीति बनाएँगे।**



बीते सालों की तरह इस बार भी सारे देश ने 5 सितंबर को गर्मजोशी से अध्यापक दिवस मनाया। सोशल मीडिया पर तो अध्यापकों का उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया जा रहा था। पर अब सुधी अध्यापकों, मनोचिकित्सकों और अन्य जागरूक नागरिकों को यह भी सोचना होगा कि नौजवानों का एक बड़ा वर्ग निराशा और नाकामयाबी की स्थितियों में अपनी जीवनलीला खत्म करने पर क्यों आमादा है। अब शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरता हो जब अखबारों में किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवा के खुदकुशी करने संबंधी दिल दहलाने वाला समाचार ना छपता हो। यह बेहद गंभीर मसला है और इस पर सारे देश को सोचना होगा। इसी तरह से आजकल बिजनेस में घाटा होने के कारण भी आत्म हत्या करने वालों की तादाद लगातार बढ़ती ही चली जा रही है। अभी कुछ दिन पहले एक साइकिल बनाने वाली मशहूर कंपनी के अरबपति मालिक ने भी खुदकुशी कर ली थी।

पिछले साल 6 दिसंबर को लोकसभा में बताया गया था कि देश में 2019 से 2021 के बीच 35,000 से ज्यादा छात्रों ने आत्महत्या की। छात्रों के खुदकुशी करने के मामले 2019 में 10,335 से बढ़कर 2020 में 12,526 और 2021 में 13,089 हो गए। इसमें कोई शक नहीं है किसी भी हालत में किसी खास परीक्षा में सफल होने के लिए माता-पिता, अध्यापकों और समाज का भारी दबाव और अपेक्षाएं छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव डाल रही हैं। राजस्थान का एक शहर है कोटा। यहां पर हर साल एक अनुमान के मुताबिक, हजारों नहीं लाखों छात्र - छात्राएँ देश के शीर्ष कॉलेजों में से एक में प्रवेश पाने की उम्मीद में कोटा पहुंचते हैं। इनके जीवन का एक ही लक्ष्य होता है कि किसी तरह से आईआईटी/एनआईटी या मेडिकल की प्रवेश परीक्षा को क्रैक कर लिया जाए।

आप कोटा या फिर देश के किसी भी अन्य शहर में चले जाइये जहां पर मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ-साथ सिविल सेवाओं वगैरह के लिए कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। वहां पर छात्र अत्यधिक दबाव और असफलता के डर से मनोवैज्ञानिक रूप से बहुत कष्ट की स्थिति में हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ.विनय अग्रवाल कहते हैं कि हमें खुदकुशी के बढ़ते मामलों पर सिर्फ चिंता ही व्यक्त नहीं करनी। हमें इसे रोकना ही होगा। हमने युवाओं, कारोबारियों और अन्य लोगों के आत्म हत्या करने के कारणों और इस समस्या के हल तलाशने के लिए विश्व आत्महत्या निवारण दिवस ( 12 सितंबर) को राजधानी दिल्ली में एक महत्वपूर्ण सेमिनार का भी आयोजन किया है, जहां पर मनोचिकित्सक, पत्रकार और सोशल वर्कर अपने अनुभवों के आधार पर अपने पेपर पढ़ेंगे। उन निष्कर्षों के बाद हम आगे की रणनीति बनाएँगे।

कुछ कोचिंग सेंटर चलाने वाले भी इस तरह के प्रयास तो कर रहे हैं ताकि छात्र बहुत दबाव में न रहें। राजधानी के एक कोचिंग सेंटर के प्रमुख ने बताया कि हम छात्रों की लगातार काउंसलिंग भी करते रहते हैं। उनके अभिभावकों के भी संपर्क में रहते हैं। कहा जाता है कि भारत में दुनिया भर में सबसे अधिक युवा आत्महत्या दर है। इस बीच, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, 2020 में हर 42 मिनट में एक छात्र ने अपनी जान दे दी। यह आंकड़ा सच में डराता है।

देखिए, नौजवानों को बिल्कुल रीलेक्स माहौल देना होगा माता-पिता और उनके अध्यापकों को , ताकि वे बिना किसी दबाव में पढ़ें या जो भी करना चाहते हैं, करें। हरियाणा के सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल चलाने वाली दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) के अध्यक्ष और सोशल वर्कर ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि हम पूरी तरह से सुनिश्चित करते हैं कि हमारे स्कूल या सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे बिना किसी दबाव में पढ़े-लिखे। हम अपने अध्यापकों की भी क्लास लेते हैं कि किसी भी बच्चे के साथ कक्षा में उसकी जाति न पूछी जाए और या न ही उसके पिता की आय। कुछ गैर-जिम्मेदार अध्यापक अपने विद्यार्थियों से इस तरह के गैर-जरूरी सवाल पूछते हैं। फिर वे एक ही कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों की एक-दूसरे से तुलना भी करने लगते हैं। इस कारण वे जाने-अनजाने एक बच्चे को बहुत सारे बच्चों को कमजोर साबित कर देते है। जाहिर है, इस वजह से उस छात्र पर बहुत नकारात्मक असर पड़ता है जो कमतर साबित कर दिया गया होता है। इसी तरह के बच्चे कई बार निराशा और अवसाद में डूब जाते हैं। देखिए बच्चे को पालना एक बीस वर्षीय प्लान है। कौन नहीं चाहता कि उसका बच्चा समाज में ऊंचा मुकाम हासिल करे, शोहरत-नाम कमाए? पर इन सबके लिए जरूरी है कि बच्चे को उसकी काबिलियत और पसंद के अनुसार मनचाहा करियर चुनने की आजादी भी दी जाए। यह एक कड़वा सच है कि हमारे समाज में सफलता का पैमाना अच्छी नौकरी, बड़ा घर और तमाम दूसरी सुख-सुविधाएं ही मानी जाती है।अफसोस कि हम भविष्य के चक्कर में अपने बच्चों को आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर करने लगे हैं। ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि हम अपने यहां बच्चों को इस बात के लिए तैयार करते हैं कि वे कठिन परिस्थितियों का भी सामना करें। असफलता से हार मान लेने से जीवन नहीं चलता। यह तो कायरता है। महान कवि पद्मभूषण डॉ० गोपाल दस नीरज की पंक्तियाँ याद आ रही हैं, 'छुप- छुप अश्रु बहाने वालों , जीवन व्यर्थ लुटाने वालों , इक सपने के मर जाने से , जीवन नहीं मरा करता हैं।' सफलता और असफलता का चक्र तो चला करता है । उसे स्वीकार करने में ही भला है ।

जैसा किमैंने ऊपर जिक्र किया कि बीते दिनों एक अरबपति बिजनेसमैन ने राजधानी के अपने भव्य बंगले में गोली मारकर सुसाइड कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। कहा जा रहा है कि बिजनेस में नुकसान होने के कारण ही साइकिल बनाने वाली कंपनी के मालिक ने आत्महत्या की।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों से पता चला है कि 2020 में, जब कोविड- की लहर ने व्यापार को तबाह कर दिया था, तब 11,716 व्यापारियों ने आत्महत्या की थी, जो 2019 की तुलना में 29% अधिक थी, जब 9,052 व्यापारियों ने अपनी जान ले ली थी।

कर्नाटक में 2020 में व्यवसायियों द्वारा आत्महत्या से सबसे अधिक मौतें (1,772) दर्ज की गईं - जो 2019 से 103% अधिक है, जब राज्य में 875 व्यवसायियों ने अपनी जान ले ली थी।महाराष्ट्र में 1,610 व्यवसायियों ने आत्महत्या की, जो पिछले वर्ष से 25% अधिक है, और तमिलनाडु में 1,447 की मृत्यु हुई, जो 2019 से 36% अधिक है। यह सबको पता है कि भारत के व्यवसायी समुदाय का बड़ा हिस्सा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से जुड़ा है,जो बड़े झटकों को सहन नहीं कर पाता है। इसके चलते कई कारोबारियों ने कर्ज में डूबने या बिजनेस में नुकसान के कारण आत्महत्या कर ली। लब्बो लुआब यह है कि भारत में युवाओं और कारोबारियों के साथ - साथ अन्य लोगों के आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को भी प्रभावी ढंग से रोकना ही होगा।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

# पुतिन का सकारात्मक रुख

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस और यूक्रेन की यात्रा के बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार को ब्लादिवोस्तक में ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम (ईईएफ) को संबोधित करते हुए कहा कि वह यूक्रेन के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं। उनके इस सकारात्मक रोख से आशा जगी है कि यूक्रेन संघर्ष आने वाले दिनों में व्यापक रूप नहीं लेगा। अमेरिका और नाटो सैनिक संगठन के देशों ने यदि गैर-जिम्मेदाराना रवैया नहीं अपनाया तो संवाद और कूटनीति के जरिए यूक्रेन संघर्ष का समाधान संभव है। शांति वार्ता की जमीन तैयार करने के लिए राष्ट्रपति पुतिन ने ब्रिक्स के तीन सदस्य देशों भारत, चीन और ब्राजील को शामिल किया है। उनका विश्वास है कि यह तीनों देश संघर्ष को समाप्त करने के लिए ईमानदारी से कोशिश कर रहे हैं। यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के बारे में राष्ट्रपति पुतिन का यह वक्तव्य ऐसे समय आया है जब अगले महीने यानी अक्टूबर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन रूस के कजान में होने जा रहा है। इस शिखर वार्ता में मोदी और पुतिन के बीच वार्ता संभावित है। ऐसा संभव है कि वह तीनों नेता यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में कोई योजना तैयार करें। राष्ट्रपति पुतिन ने ईईएफ को संबोधित करते हुए युद्ध की शुरू आत में ही इस्तांबुल में दोनों पक्षों के बीच हुई शांति वार्ता से संबंधित समझौते का जिक्र किया जो अमल में नहीं आया। यह समझौता आगे की शांति वार्ता का आधार बन सकता है। यूक्रेन संघर्ष के समाधान में चीन और ब्राजील के मुकाबले भारत की भूमिका ज्यादा प्रमुख हो सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन से स्पष्ट शब्दों में कहा था कि यह युग युद्ध का नहीं है। इसी तरह यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी कहा कि भारत ने कभी तटस्थता की नीति का अनुसरण नहीं किया। इस पूरे मामले में भारत का रूप स्पष्ट है। वह दोनों पक्ष की सहमति के बाद ही मध्यस्थ बन सकता है। किसी भी शांति में प्रक्रिया में भारत इसी शर्त पर शामिल हो सकता है जब राष्ट्रपति जेलेंस्की भी इसके लिए तैयार हों। अब आगे देखिए होता है क्या?



## चिंतन-मनन

# सृष्टि के परम स्वामी कृष्ण

मनुष्य को जानना चाहिए कि भगवान कृष्ण ब्रह्मांड के सभी लोकों के परम स्वामी हैं। वे सृष्टि के पूर्व थे और अपनी सृष्टि से भिन्न हैं। सारे देवता इसी भौतिक जगत में उत्पन्न हुए, किंतु कृष्ण अजन्मा हैं, फलतः वे ब्रह्मा और शिव जैसे देवताओं से भी भिन्न हैं। और चूंकि वे ब्रह्मा, शिव तथा अन्य समस्त देवताओं के स्त्रष्टा हैं अतः समस्त लोकों के परम पुरुष हैं। परमेश्वर का ज्ञान प्राप्त करने के लिए मनुष्य को समस्त पापकर्मों से मुक्त होना चाहिए। जैसे कि भगवद्गीता में कहा गया है, उन्हें केवल भक्ति के द्वारा जाना जा सकता है, किसी अन्य साधन से नहीं। मनुष्य को चाहिए कि वह कृष्ण को साधारण मनुष्य न समझे।

इस जगत में शुभ या अशुभ वस्तुओं का बोध बहुत कुछ मनोधर्म है क्योंकि इस भौतिक जगत में कुछ भी शुभ नहीं है। प्रत्येक वस्तु अशुभ है। क्योंकि प्रकृति स्वयं अशुभ है। हम इसे शुभ मानने की कल्पना मात्र करते हैं। वास्तविक मंगल तो पूर्ण भक्ति और सेवाभाव से युक्त कृष्णभावनामृत पर ही निर्भर करता है। अतः यदि हम तनिक भी चाहते हैं कि हमारे कर्म शुद्ध हों, तो हमें परमेश्वर की आज्ञा से कर्म करना होगा। ऐसी आज्ञा श्रीमद्भागवत तथा श्रीमद्गीता जैसे शास्त्रों या प्रामाणिक गुरु से प्राप्त की जा सकती है। चूंकि गुरु भगवान का प्रतिनिधि होता है, अतः उसकी आज्ञा प्रत्यक्षतः परमेश्वर की आज्ञा होती है। गुरु, साधु तथा शास्त्र एक ही प्रकार से आज्ञा देते हैं। इन तीनों स्रोतों में कोई विरोध नहीं होता। कर्म संपन्न करते हुए भक्त की दिव्य मनोवृत्ति वैराग्य की होती है, जिसे संन्यास कहते हैं। जैसा कि भगवद्गीता के छठे अध्याय के प्रथम श्लोक में कहा गया है कि जो भगवान का आदेश मानकर कोई कर्त्तव्य करता है और जो अपने कर्मफलों की शरण ग्रहण नहीं करता, वही असली संन्यासी है। जो भगवान के निर्देशानुसार कर्म करता है, वास्तव में संन्यासी और योगी वही है।

# विश्व मैत्री दिवसः क्षमा की धरती को उर्वरा बनाते हैं मैत्री के फूल



ललित गर्ग

जैनधर्म की त्याग प्रधान संस्कृति में पर्युषण पर्व का अपना अपूर्व एवं विशिष्ट आध्यात्मिक महत्व है। यह एकमात्र आत्मशुद्धि का प्रेरक पर्व है। इसीलिए यह पर्व ही नहीं, महापर्व है। संपूर्ण जैन समाज इस पर्व के अवसर पर जागृत एवं साधनारत हो जाता है। आठ दिनों की कठोर साधना के बाद मैत्री दिवस का आयोजन होता है। पर्युषण पर्व का हृदय है- 'क्षमापना दिवस' जिसे मैत्री दिवस भी कहते हैं। इस दिन अपनी भूलों या गलतियों के लिए क्षमा मांगना एवं दूसरों की भूलों को भूलना, माफ करना, यही इस पर्व को मनाने की सार्थकता सिद्ध करता है। यदि कोई व्यक्ति इस दिन भी दिल में उलझी गांठ को नहीं खोलता है, तो वह अपने सम्यग्दर्शन की विशुद्धि में प्रश्न चिन्ह खड़ा कर लेता है। क्षमायाचना करना, मात्र वाचिक जाल बिछाना नहीं है। परंतु क्षमायाचना करना अपने अंतर को प्रसन्नता से भरना है। बिछुड़े हुए दिलों को मिलाना है, मैत्री एवं करुणा की स्रोतस्विनी बहाना है।

मैत्री पर्व का दर्शन बहुत गहरा है। मैत्री तक पहुंचने के लिए क्षमायाचना की तैयारी जरूरी है। क्षमा लेना और क्षमा देना मन परिष्कार की स्वस्थ परम्परा है। क्षमा मांगने वाला अपनी कृत भूलों को स्वीकृति देता है और भविष्य में पुनः न दुहराने का संकल्प लेता है जबकि क्षमा देने वाला आग्रह मुक्त होकर अपने ऊपर हुए आघात या हमलों को बिना किसी पूर्वाग्रह या निमित्तों को सह लेता है। क्षमा ऐसा विलक्षण आधार है जो किसी को मिटाता नहीं, सुधरने का मौका देता है। भगवान महावीर ने कहा- 'अहो ते खंति उत्तमा'-क्षांति उत्तम धर्म है। 'तितिक्खं परमं नच्चा'-तितिक्षा ही जीवन का परम तत्व है, यह जानकर क्षमाशील बनो। पर्युषण महापर्व से जुड़ा मैत्री पर्व मानव-मानव को जोड़ने व मानव हृदय को संशोधित करने का पर्व है, यह मन की खिड़कियों, रोशनदानों व दरवाजों को खोलने का पर्व है, जो एकाग्रता एवं एकांत आध्यात्मिक जिज्ञासाएं जगाकर एक समृद्ध एवं अलौकिक अनुभव तक ले जाता है। इस भीड़भाड़ से कहीं दूर सबसे पहली जो चीज व्यक्ति इस पर्युषण की साधना से सीखता है वह है -'अनुशासनयुक्त मैत्रीमय जीवन।' यह विलक्षण साधना तनावमुक्ति का विशिष्ट प्रयोग है जिससे शरीर को आराम मिलता है, अपने आपको, अपने भीतर को, अपने सपनों को, अपनी आकांक्षाओं तथा उन प्राथमिकताओं को जानने का यह अचूक तरीका है, जो घटना-बहुल जीवन की दिनचर्या में दब कर रह गयी है। इस दौरान परिवर्तन के लिये कुछ समय देकर हम अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं तथा साथ ही इससे अपनी आंतरिक प्रकृति को समझ सकते हैं, उसे उन्नत एवं समृद्ध बना सकते हैं।

भगवान महावीर ने क्षमा यानि समता का जीवन जीया। वे चाहे कैसी भी परिस्थिति आई हो, सभी परिस्थितियों में सम रहे। 'क्षमा वीरो का भूषण है'-महान् व्यक्ति ही क्षमा ले व दे सकते हैं। पर्युषण पर्व क्षमा के आदान-प्रदान का पर्व है। इस दिन सभी अपनी मन की उलझी हुई ग्रंथियों को सुलझाते हैं, अपने भीतर की राग-द्वेष की गांठों को खोलते हैं वह एक दूसरे से गले मिलते हैं। पूर्व में हुई भूलों को क्षमा के द्वारा समाप्त करते हैं व जीवन को पवित्र बनाते हैं। पर्युषण महापर्व का समापन मैत्री दिवस के साथ होता है। इस तरह से पर्युषण महापर्व एवं क्षमापना दिवस- यह एक दूसरे को निकटता में लाने का पर्व है। यह एक दूसरे को अपने ही समान समझने का पर्व है। गीता में भी कहा है -'आत्मौपम्येन सर्वत्रः, समे पश्यति योर्जुन' -श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा-हे अर्जुन ! प्राणीमात्र को अपने तुल्य समझो। भगवान महावीर ने कहा-'मित्ती में सव्व भूएसु, वेरंमज्झण केणइ' सभी प्राणियों के साथ मेरी मैत्री है, किसी के साथ वैर नहीं है। मानवीय एकता, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, मैत्री, शोषणविहीन सामाजिकता, नैतिक मूल्यों की स्थापना, अहिंसक जीवन, आत्मा की उपासना शैली का समर्थन आदि तत्त्व इस पर्व के मुख्य आधार हैं। ये तत्त्व जन-जन के जीवन का अंग बन सके, इस दृष्टि से इस महापर्व को जन-जन का पर्व बनाने के प्रयासों की अपेक्षा है।

पर्युषण पर्व आत्म उन्नति, अहिंसा, शांति और मैत्री का पर्व है। अहिंसा और मैत्री के द्वारा ही शांति मिल सकती है। आज जो हिंसा, युद्ध, आतंक, आपसी-द्वेष, नक्सलवाद एवं भ्रष्टाचार जैसी ज्वलंत समस्याएं न केवल देश के लिए बल्कि दुनिया के लिए चिंता का बड़ा कारण बनी हुई है और सभी कोई इन समस्याओं का समाधान चाहते हैं। उन लोगों के लिए मैत्री पर्व एक प्रेरणा है, पाथेय है, मार्गदर्शन है और अहिंसक-निरोगी-शांतिमय जीवन शैली का प्रयोग है। आज भौतिकता एवं स्वार्थपूर्ण जीवन की चकाचौंध में, भागती जिंदगी की अंधी दौड़ में इस पर्व की प्रासंगिकता बनाये रखना ज्यादा जरूरी है। इसके लिए जैन समाज संवेदनशील बने विशेषतः युवा पीढ़ी मैत्री पर्व की मूल्यवत्ता से परिचित हो और वे आत्मचेतना को जगाने वाले इन दुर्लभ क्षणों से स्वयं लाभान्वित हो और जन-जन के सम्मुख मैत्री का एक आदर्श प्रस्तुत करे।

तथागत बुद्ध ने कहा-क्षमा ही परमशक्ति है। क्षमा ही परम तप है। क्षमा धर्म का मूल है। क्षमा के समकक्ष दूसरा कोई भी तत्व हितकर नहीं है। क्योंकि प्रेम, करुणा और मैत्री के फूल सहिष्णुता और क्षमा की धरती पर ही खिलते हैं। 'सबके साथ मैत्री करो' यह कथन बहुत महत्त्वपूर्ण है किंतु हम वर्तमान संबंधों को बहुत सीमित बना लेते हैं। दर्द सबका एक जैसा होता है, पर हम चेहरों को देखकर अपना-अपना अन्दाज लगाते हैं। यह स्वार्थपरक व्याख्या हमें प्रेम से जोड़ सकती है मगर करुणा से नहीं। प्रेम में स्वार्थ है, राग-द्वेष के संस्कार है, जबकि करुणा परमार्थ का पर्याय बनती है। कहा जाता है-'वसुधैव कुटुम्बकम्' वसुधा कुटुम्ब है, परिवार है। 'मित्ती में सव्व भूएसु वेरं मज्झ न केणई'- यह सार्वभौम अहिंसा एवं सौहार्द का ऐसा संकल्प है जहां वैर की परम्परा का अंत होता है। मित्रता का भाव हमारे आत्म-विकास का सुरक्षा कवच है। आचार्य श्री तुलसी ने इसके लिए सात सूत्रों का निर्देश किया। मित्रता के लिए चाहिए- विश्वास, स्वार्थ-त्याग, अनासक्ति, सहिष्णुता, क्षमा, अभय, समन्वय। यह सप्तपदी साधना जीवन की सार्थकता एवं सफलता की पृष्ठभूमि है। विकास का दिशा-सूचक यंत्र है। मित्रता का यह पर्व आमंत्रित कर रहा है अपनी ओर, बाँहें फैलाये हुए, हमें बिना कुछ सोचे, ठिठके बगैर, भागकर मित्रता की पगडंडी को पकड़ लेने के लिये। जीवन रंग-बिरंगा है, यह श्वेत है और श्याम भी। मित्रता की यही सरगम कभी कानों में जीवनराग बनकर घुलती है तो कहीं उठता है संशय का शोर। मित्रता को मजबूत बनाता है हमारा संकल्प, हमारी जिजीविषा, हमारी संवेदना लेकिन उसके लिये चाहिए समर्पण एवं अपनत्व की गर्माहट। यह जीना सिखाता है, जीवन को रंग-बिरंगी शक्ल देता है। प्रेरणा देता है कि ऐसे जिओ कि खुद के पार चले जाओ। ऐसा कर सके तो हर अहसास, हर कदम और हर लम्हा खूबसूरत होगा और साथ-साथ सुन्दर हो जायेगी जिन्दगी।

मानवीय संवेदनाओं एवं आपसी रिश्तों की जमीं सूखती जा रही है ऐसे समय में एक दूसरे से जुड़े रहकर जीवन को खुशहाल बनाने और दिल में जादुई संवेदनाओं को जगाने का सशक्त माध्यम है मैत्री दिवस। क्षणिक और स्वार्थों पर टिकी मित्रता वास्तव में मित्रता नहीं, केवल एक पहचान मात्र होती है ऐसे मित्र कभी-कभी बड़े खतरनाक भी हो जाते हैं। जिनके लिए एक विचारक ने लिखा है- 'पहले हम कहते थे, हे प्रभु! हमें दुश्मनों से बचाना परन्तु अब कहना पड़ता है, हे परमात्मा, हमें दोस्तों से बचाना।' दुश्मनों से भी ज्यादा खतरनाक होते हैं दोस्त। विश्व मैत्री दिवस वैयक्तिक स्वार्थों को एक ओर रखकर औरों को सुख बांटने एवं दुःख बटोरने की मनोवृत्ति को विकसित करने का दुर्लभ अवसर प्रदत्त करता है। इस दिवस को मनाने का मूल हार्द यही है कि मित्रता में विचार-भेद और मत-भेद भले ही हों मगर मन-भेद नहीं होना चाहिए। क्योंकि विचार-भेद क्रांति लाता है जबकि मन-भेद विद्रोह।

# भोक्ता समाज के तर्ज पर घासी समाज को अविलंब आदिवासी का दर्जा दे नही तो केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ आन्दोलन होगा

विजय शंकर नायक



उपरोक्त बाते आज आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री झारखण्ड, केंद्रीय जनजाति मंत्री को ईमेल भेजकर उक्त बातें कही । इन्होंने यह पत्र के माध्यम से यह भी बताया कि झारखंड राज्य के घासी समाज वर्तमान में अनुसूचित जाति झारखंड के पुराने वासिंदो में से एक है। घासी समाज पूर्व से ही जनजातीय समाज रहा है इसकी भी रूढ़ीगत अपनी परंपरा संस्कार एवं संस्कृति रही है । आज झारखंड में आर्थिक राजनीतिक सामाजिक शैक्षणिक रूप से सबसे कमजोर एवं अंतिम पायदान पर बैठा इस समाज की गिनती आज हो रही है ' महोदय इस संदर्भ में आप सभी माननीय का स्मरण करना चाहूंगा की The Superintendent of census Operations, Bengal (Apperndex VIII) जब हो रहा था तब H.C Streatfeild, Eso, Deputy Commissioner, Ranchi ने पत्र संख्या 265 C dated, Ranchi the 1st October 1901 को The Superintendent of Census Operations Bengal के पत्र संख्या-184T dated- 25 th may last 1902 के जवाब में जनजातिय समाज की एक सूची बना कर भेजा था जिसमें 43 जनजातिय लोगों को चिन्हित किया गया था( जिसमें क्रमांक-16 नंबर पर मे (घासी) को जनजातीय की सूची में चिन्हित किया गया था जिसकी प्रति छाया प्रति संलग्न किया जा रहा है( उसके बाद भारत सरकार के गजट अधिसूचना गृह विभाग नंबर 18 शिमला दिनांक 2 में 1913 प्राधिकार द्वारा उस मॉरिस भारत सरकार के सचिव (गृह) के हस्ताक्षर से प्रकाशित किया जो अपने पत्र संख्या 550 में या अधिसूचित किया गया की जबकि सामान्य से भिन्न वे जनजाति जो मुंडा उरांव संथाल हो भूमि खड़िया घासी के नाम से जाने जाते हैं उनके अपने प्राथमिक उत्तराधिकार एवं विरासत के रुढ़ीगत प्रथा कायम है जो कि भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1865 के प्रावधानों से सर्वथा असंगत है और इन जनजातियों के लोगों पर उक्त अधिनियम के प्रावधानों को लागू करना व्यर्थ है। भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1865 के लगभग के भाग 332 में दिए गए शक्तियों का प्रयोग करते हुए गवर्नर जनरल काउंसिल में उक्त सभी जनजातीय जनजाति जो मुंडा उरांव संथाल हो भूमि खड़िया घासी के नाम से जाने जाते हैं व बिहार एवं उड़ीसा प्रांत के मध्य निवासित हैं को इस अधिनियम के प्रावधानों की कार्रवाई की भूतलक्षी प्रभाव के साथ बाहर रखने की छूट देने में संतुष्ट हैं जिसकी छाया प्रति संलग्न किया जा रहा है ।

श्री नायक ने आगे कहा कि आजादी के बाद 1950 के अनुसूचित जाति / जनजाति के अधिसूचना में बिना कारण बताएं घासी जाति को जनजाति की सूची से निकलकर अनुसूचित जाति बना दिया गया जो इस समाज वर्ग के लोगों के साथ अन्याय है । अतः आप सभी माननीय महोदय से कतारबद्ध अनुरोध प्रार्थना विनती होगा कि जिस तरह भोक्ता पूर्व में अनुसूचित जाति वर्तमान में जनजाति का दर्जा दिया गया है उसी के तर्ज पर आर्थिक राजनीतिक सामाजिक शैक्षणिक रूप से अंतिम पायदान में बैठे झारखंड के सबसे कमजोर समाज घासी को झारखंड में पुनः अनुसूचित जनजाति की सूची में रखने की दिशा में अग्रतार कार्रवाई की जाए अन्यथा यह समाज अपने ऊपर हुए इस महा अन्याय के खिलाफ तथा पुनः अनुसूचित जनजाति की सूची में आने के लिए संघर्ष के साथ-साथ आंदोलन करने को बाध्य होगा जिसके जिम्मेवारी केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार पर होगी।

# मुद्रस्फीती आंकड़े और वैश्विक रुख तय करेंगे बाजार की चाल

## ब्रेंट क्रूड की गतिविधियों और रुपये-डॉलर के रुख पर भी होगी बाजार की नजर




मुंबई ।

वैश्विक बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई मुनाफावसूली से बीते सप्ताह करीब डेढ़ प्रतिशत तक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की चाल इस सप्ताह मुद्रास्फीति जैसे वृहत आर्थिक आंकड़ें, वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होंगी। बाजार के विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में पिछले कुछ दिनों में सुधार देखा गया है और ब्रेंट क्रूड अब 73 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के करीब है। भारत में निवेशक इस सप्ताह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति सहित अन्य वृहत आर्थिक आंकड़े जारी होने का इंतजार करेंगे। वैश्विक स्तर पर, निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती को लेकर आशावादी बने हुए हैं। उनकी नजर इस महीने होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक पर होगी। वृहत आर्थिक आंकड़ों के तहत जुलाई के लिए औद्योगिक उत्पादन और अगस्त के लिए मुद्रास्फीति आंकड़ों की घोषणा गुरुवार को की जाएगी। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 1,181.84 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 383.75 अंक की गिरावट आई। स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,017.23 अंक टूटकर 81,183.93 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 292.95 अंक टूटकर 24,852.15 पर रहा। बाजार के जानकारों ने कहा कि हमारा अनुमान है कि निकट भविष्य में बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहेगा। निवेशकों की नजर वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की गतिविधियों और रुपये-डॉलर के रुख पर भी होगी। आने वाले सप्ताह में अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर भी निवेशकों की नजर होगी।

# कमाई के मामले में मार्क जकरबर्ग ने अंबानी और अडानी को भी पीछे छोड़ा

**मार्क जकरबर्ग ने इस साल करीब 50 अरब डॉलर कमाए**

नई दिल्ली ।

इस साल मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग ने कमाई के मामले में दुनिया के सबसे अमीर लोगों को भी पीछे छोड़ दिया है। यही नहीं, इस साल मुकेश अंबानी और गौतम अडानी ने मिलाकर भी मार्क के बराबर कमाई नहीं की है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक मार्क ने इस साल करीब 50 अरब डॉलर (करीब 4.20 लाख करोड़ रुपये) की कमाई की है। वहीं इस साल सबसे ज्यादा कमाई के मामले में दूसरा नंबर एनविडिया कंपनी के प्रेसिडेंट जेसन हुआंग का है। जेसन ने इस साल 46.4 अरब डॉलर की कमाई की। मार्क दुनिया के चौथे सबसे अमीर इंसान हैं। इस साल मार्क ने जितनी कमाई की है, उतनी कमाई अंबानी और अडानी ने मिलकर भी नहीं की। अंबानी ने इस साल 14.2 अरब डॉलर की कमाई की। वहीं अडानी की इस साल की कमाई 15.3 अरब डॉलर रही। दोनों ने इस साल कुल 29.5 अरब डॉलर की कमाई की। यह मार्क की इस साल की कमाई से करीब 20 अरब डॉलर कम है। टेस्ला के मालिक एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर इंसान हैं। वहीं अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स हैं। इस साल एलन ने 7.73 अरब डॉलर और जेफ ने 17.9 अरब डॉलर की कमाई की। दोनों की कुल कमाई 25.63 अरब डॉलर रही। यह इस साल मार्क की कमाई (50 अरब डॉलर) से काफी कम है। पिछले 24 घंटे में दुनिया के अमीरों की संपत्ति में जबरदस्त गिरावट आई है। मुकेश अंबानी की संपत्ति में 2.14 अरब डॉलर और अडानी की संपत्ति में 1.57 अरब डॉलर की कमी आई है। यह कमी शेयर बाजार में गिरावट के कारण आई। शुक्रवार को शेयर बाजार में एक हजार से ज्यादा अंकों की गिरावट आई थी।

# आईआईटी बॉम्बे को अनुसंधान एवं विकास के लिए मिला 700 करोड़ का फंड

**2022-23 में संस्थान को 576 करोड़ और 2021-22 में 502 करोड़ रुपये मिले थे**

नई दिल्ली ।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे ने 2023-24 में अनुसंधान और विकास के लिए वार्षिक अनुदान के रूप में रिकॉर्ड 700 करोड़ रुपये प्राप्त किए हैं। पिछले तीन वर्षों की तुलना में यह सबसे ज्यादा है। 2022-23 में संस्थान को 576 करोड़ रुपये और 2021-22 में 502 करोड़ रुपये मिले थे। आरएंडडी फंड सरकारी और गैर-सरकारी एजेंसियों से प्राप्त राशि का संयोजन है। निजी एजेंसियों से प्राप्त धन अनुदान राशि का 35 प्रतिशत होता है, जबकि शेष सरकारी एजेंसियों द्वारा दिया जाता है। संस्थान ने कहा कि आईआईटी बॉम्बे ने अपने अनुसंधान एवं विकास को तकनीकी आत्मनिर्भरता हासिल करने के राष्ट्रीय लक्ष्य के साथ जोड़ने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। संस्थान ने विभिन्न शैक्षणिक इकाइयों के शोधकर्ताओं को शामिल करते हुए जटिल समस्याओं को समग्र तरीके से हल करने के लिए कई बड़े बहु-विषयक अनुसंधान केंद्र स्थापित किए हैं। इसमें कहा गया कि छात्र और संकाय सदस्य विज्ञान, इंजीनियरिंग, डिजाइन, प्रबंधन और मानविकी के सभी क्षेत्रों में अनुसंधान परियोजनाएं संचालित करते हैं। संस्थान ने बताया कि विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रबंधन, डिजाइन और सामाजिक विज्ञान के सभी क्षेत्रों में हर साल नई अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं शुरू की जाती हैं, जिनमें अल्पकालिक परामर्श और दीर्घकालिक प्रायोजित अनुसंधान दोनों शामिल हैं। परियोजनाओं की अवधि आम तौर पर 2-5 साल तक होती है। आईआईटी बॉम्बे इस अनुदान का उपयोग तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा महाराष्ट्र ड्रोन मिशन जैसी परियोजनाओं को शुरू करने के लिए करेगा। स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देने और ड्रोन प्रौद्योगिकी में महाराष्ट्र को वर्ल्ड लीडर के रूप में स्थापित करने के लिए विभाग ने 151.8 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एक परियोजना को वित्त पोषित किया। संस्थान वस्त्र मंत्रालय के लिए एक परियोजना वस्त्र-आधारित कंपोजिट का उपयोग करके हाइड्रोजन प्रेशर वेसल निर्माण का विकास करने के लिए भी काम कर रही है। आईआईटी-बॉम्बे ने विश्व स्तरीय संस्थानों में अपना नाम दर्ज करा लिया है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में यह दुनिया के शीर्ष 150 विश्वविद्यालयों में शामिल है। हाल ही में जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल फ्रेमवर्क रैंकिंग में भी आईआईटी-बॉम्बे शीर्ष तीन में शामिल है।

# बायूज ऑडिटर ने पिछली तारीखों में रिपोर्ट करने को कहा, हम सहमत नहीं थेः सीईओ




नई दिल्ली ।

शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बायजू रवींद्रन ने आरोप लगाया कि कंपनी की ऑडिट कंपनी बीडीओ ने रिपोर्ट को पिछली तारीख से प्रकाशित करने का सुझाव दिया था, जिसे कंपनी ने स्वीकार करने से मना कर दिया और उनका इस्तीफा दिखावटी है। ऑडिट फर्म के रूप में बीडीओ के इस्तीफे पर रवींद्रन ने बताया कि ऑडिटर दिवाला कार्यवाही के बारे में सबसे पहले जानते हैं, लेकिन उन्होंने इसके बारे में अदालत द्वारा नियुक्त दिवाला समाधान पेशेवर (आईआरपी) को सूचित नहीं किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमें कई बार पिछली तारीखों में रिपोर्ट करने के लिए कहा है। यह सब हाल ही में हुआ है। हम सहमत नहीं थे। हमारे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। एमएसकेए एंड एसोसिएट्स ने बीडीओ इंडिया से सम्बद्ध बायजू के ऑडिट का काम संभाला था। एमएसकेए ने फर्म के ऑडिटर के पद से इस्तीफा दे दिया है। रवींद्रन ने कहा कि ऑडिटरों ने पश्चिम एशिया स्थित साझेदार के साथ लेन-देन के फोरेंसिक ऑडिट के लिए कहा था, जिसे जून में मंजूरी दे दी गई थी, लेकिन ऑडिटरों ने इस पर कोई काम नहीं किया। रवींद्रन ने कहा कि यह बच निकलना है, निराधार है और उन्होंने ऐसा उस समय किया जब हम बोर्ड में नहीं थे। हम अभी भी बोर्ड में नहीं हैं।

उन्हें बोर्ड को सूचित करना चाहिए था। पिछले 45 दिनों में उन्होंने बोर्ड को कुछ भी नहीं बताया है। यह न केवल निराधार है, बल्कि उन्होंने जो कुछ भी किया है वह कानूनी रूप से भी अस्वीकार्य है। एमएसकेए एंड एसोसिएट्स और बीडीओ इंडिया को वेबसाइट के माध्यम से भेजे गए सवालों के जवाब इस खबर के लिखे जाने तक नहीं मिले थे।

# भारत सहित विश्व के केंद्रीय बैंकों ने बढ़ाई सोने की खरीदारी

नई दिल्ली ।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई महीने में ही केंद्रीय बैंकों ने 37 टन सोना खरीदा। पोलैंड, तुर्की, उज्बेकिस्तान और चेक रिपब्लिक जैसे देशों ने इस खरीदारी में प्रमुख भूमिका निभाई है जबकि भारतीय रिज़र्व बैंक ने अप्रैल-जून तिमाही के दौरान 18.67 टन सोना खरीदा। पोलैंड का सेंट्रल बैंक 18.68 टन सोना खरीद कर पहले स्थान पर रहा, जबकि भारतीय रिज़र्व बैंक ने इस दौरान 18.67 टन सोना खरीदा. तुर्की ने 14.63 टन, उज़्बेकिस्तान ने 7.46 टन और चेक रिपब्लिक ने 5.91 टन सोना खरीदा। इस साल की दूसरी तिमाही में केंद्रीय बैंकों ने कुल 183 टन सोना खरीदा, जो कि 2023 की इसी अवधि के 173.6 टन से अधिक है। कुछ देश ऐसे भी हैं जिन्होंने अपने सोने के भंडार को कम किया है। कज़ाख़स्तान ने 11.83 टन, सिंगापुर ने 7.7 टन और जर्मनी ने 780 किलोग्राम सोना बेचा है। इसके बावजूद साल 2023 में केंद्रीय बैंकों द्वारा 1,037 टन सोना खरीदा गया, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 1,082 टन था। सोना लंबे समय से देशों के एसेट रिज़र्व का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है और यह वर्तमान में भी जारी है. केंद्रीय बैंकों के लिए सोना एक स्थिर एसेट की तरह कार्य करता है, जो वित्तीय संकट के दौरान अर्थव्यवस्था को स्थिरता प्रदान करने के साथ-साथ रिज़र्व को विविधता भी देता है। बाजार के जानकार कहते हैं कि डॉलर की गिरावट और अमेरिकी ब्याज दरों में संभावित कटौती की वजह से केंद्रीय बैंक सोने की खरीदारी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था कर्ज़ में चल रही है और डॉलर कमजोर हो सकता है। इसलिए केंद्रीय बैंक अपने पोर्टफ़ोलियो को विविधता देने के लिए सोने की ओर बढ़ रहे हैं। वहीं इस साल सोने की कीमतों में नए रिकॉर्ड बनने की उम्मीद है।

## अगले महीने लॉन्च होगी 2024 किआ कार्निवाल

नई दिल्ली ।

किआ इंडिया कंपनी अपनी नई कार्निवाल अगले महीने 3 अक्टूबर को लॉन्च करेगी। देश के कुछ चुनिंदा डीलरशिप पर इसकी बुकिंग शुरू हो गई है। कार खरीदने के लिए ग्राहक अपने नजदीकी डीलरशिप पर जाकर 1 लाख रुपये की टोकन राशि के साथ बुक कर सकते हैं। हालांकि, किआ ने अबतक कार्निवाल की आधिकारिक बुकिंग नहीं शुरू की है। 2024 किआ कार्निवाल में 12.3 इंच की टचस्क्रीन स्क्रीन, डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, रियर इंफोटेनमेंट स्क्रीन, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और एपल कारप्ले, वायरलेस चार्जर, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, 360-डिग्री कैमरा और हेड-अप डिस्प्ले जैसे फीचर्स मिल सकते हैं। अपकमिंग एमपीवी में 2.2-लीटर, 4-सिलेंडर टर्बो-डीजल इंजन दिया जा सकता है, जो 200 बीएचपी की पावर जेनरेट कर सकता है। कंपनी इसके साथ 1.6-लीटर पेट्रोल हाइब्रिड इंजन भी शामिल कर सकती है।




## पिछले सप्ताह पांच पेन्नी स्टॉक्स ने 55 फीसदी तक रिटर्न दिया

**नई दिल्ली ।** घरेलू शेयर बाजार के लिए पिछला सप्ताह उतार चढ़ाव वाला रहा है। शुक्रवार को सेंसेक्स 900 से ज्यादा अंकों की गिरावट के बाद बंद हुआ, जबकि निफ्टी में भी 1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। पूरे हफ्ते सेंसेक्स लगभग 1.43 प्रतिशत गिरावट के साथ बंद हुआ। हालांकि इस गिरावट भरे बाजार में कुछ ऐसे पेनी स्टॉक हैं, जिन्होंने कमाल किया है। 9 पेनी स्टॉक्स ने अपने निवेशकों को 10 प्रतिशत से लेकर 55 प्रतिशत का रिटर्न दिया है, जिसका करेंट शेयर प्राइस 20 रुपये से कम है और इनका मार्केट कैप 1000 करोड़ रुपये से कम है। डायमंड ज्यूलरी बनाने वाली एक कंपनी ने पिछले हफ्ते बेहद ही शानदार प्रदर्शन किया है, इसके शेयर प्राइस में 53 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है और यह शुक्रवार यह 10.24 रुपये के भाव पर बंद हुआ। यह कंपनी नोज़ पिन, स्टड, सॉलिटेयर, घड़ियां, बेल्ट, कफ़लिंक, और शर्ट के बटन बनाती है।

## कौशल विकास मंत्रालय ने स्विगी के साथ किया समझौता

**नई दिल्ली ।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) और ऑनलाइन मंच स्विगी के साथ समझौता करने की घोषणा की। इस समझौते के तहत स्विगी के खाद्य वितरण और त्वरित वाणिज्य नेटवर्क के तहत कौशल और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए एक पहल शुरू की जाएगी। इस समझौते से स्विगी से जुड़े 2.4 लाख डिलीवरी साझेदार और रेस्तरां साझेदार के कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इस पहल से रेस्तरां संचालन और खुदरा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं से जुड़े लोगों को रोजगार, इंटर्नशिप और प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे। स्विगी स्किल्स पहल के तहत इसके डिलीवरी पार्टनर मंच को स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) के साथ एकीकृत किया जाएगा, जिससे स्विगी के कर्मचारियों को ऑनलाइन कौशल विकास पाठ्यक्रम, प्रमाणन और प्रशिक्षण मॉड्यूल तक पहुंच प्रदान की जाएगी।

## बीमा कंपनी को 15 दिनों में जारी करनी होगी पॉलिसी

**नई दिल्ली ।** इंश्योरेंस रैगुलेटर ईआरडीएआई ने बीमा पॉलिसी होल्डर्स के अधिकारों को लेकर एक मास्टर सर्कुलर जारी किया है। इस सर्कुलर में ई-इंश्योरेंस पॉलिसियों, हैल्थ लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसियों दोनों के क्लेम सेटलमैंट की समयसीमा और कई हैल्थ बीमा पॉलिसियों वाले पॉलिसी होल्डर्स के अधिकारों को शामिल किया गया है। बीमा कंपनी को प्रपोजल फॉर्म स्वीकार करने के 15 दिनों के भीतर पॉलिसी जारी करनी होगी। नए नियमों के तहत इंश्योरैंस कंपनी को प्रपोजल फॉर्म के साथ इनीशिजल प्रीमियम जमा करने की अनुमति नहीं है। 30 दिन का फ्री लुक पीरियड एक साल या उससे अधिक की लाइफ इंश्योरैंस पॉलिसी के लिए, पॉलिसीहोल्डर के पास 30 दिनों की फ्री लुक पीरियड अवधि होगी। यदि पॉलिसीहोल्डर पॉलिसी की शर्तों या नियमों से असंतुष्ट है, तो उसके पास इन 30 दिनों के भीतर पॉलिसी को रद्द करने के लिए कंपनी को वापस करने का विकल्प है। कस्टमर इंफॉर्मेशन शीट एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिसे कंपनी अनिवार्य रूप से अपने ग्राहकों को उनकी बीमा पॉलिसियों के साथ प्रदान करते हैं। यह पॉलिसी की मुख्य विशेषताओं और लाभों के सारांश के रूप में काम करता है। यह सुनिश्चित करता है कि पॉलिसीधारकों को उनके कवरेज के बारे में अच्छी जानकारी है।




# शीर्ष आठ कंपनियों का मार्केट कैप दो लाख करोड़ घटा

## - सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को हुआ



नई दिल्ली ।

पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट के साथ देश की शीर्ष 10 कीमती कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह संयुक्त रूप से 2,01,699.77 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को हुआ। बाजार पूंजीकरण से आशय कंपनी के शेयर के कुल मूल्य से है। इसे कुल जारी शेयर को मौजूदा बाजार भाव पर गुना कर प्राप्त किया जाता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 60,824.68 करोड़ रुपये घटकर 19,82,282.42 करोड़ रुपये, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 34,136.66 करोड़ रुपये घटकर 16,12,762.51 करोड़ रुपये, भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 29,495.84 करोड़ रुपये घटकर 6,98,440.13 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 28,379.54 करोड़ रुपये घटकर 8,76,207.58 करोड़ रुपये, इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 17,061.44 करोड़ रुपये घटकर 7,89,819.06 करोड़ रुपये, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण 16,381.74 करोड़ रुपये घटकर 6,57,009.14 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 15,169.76 करोड़ रुपये घटकर 8,51,204.65 करोड़ रुपये और आईटीसी का एमकैप 250.11 करोड़ रुपये घटकर 6,27,337.65 करोड़ रुपये रहा।। हालांकि हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 14,179.78 करोड़ रुपये बढ़कर 6,66,919.73 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 3,735.35 करोड़ रुपये बढ़कर 12,47,941.78 करोड़ रुपये रहा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलआईसी और आईटीसी का स्थान रहा।

## अमेरिका के सामने बैकफुट पर आई चीन सरकार

**- अमेरिका से ट्रेड वॉर कर बुरा फंसा चाइना, बाजार पिटे तो समझौते के लिए गिड़गिड़ाया**

नई दिल्ली । पिछले काफी सालों से चीन और अमेरिका के बीच ट्रेड वॉर को सभी ने देखा है। अमेरिका ने अपने कारोबार दर सुरक्षित रखने के लिए पहले चीन पर एक के बाद एक प्रतिबंध लगाए जवाब में ड्रैगन की तरफ से भी यूएस के बाजारों को बंद करने की कार्रवाई की गई। खुद को दुनिया की फैव ट्री कहलाने वाले चीन के बाजार को इन प्रतिबंधों के चलते नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में अब शी जिनपिंग की सरकार अमेरिका के सामने इस समय बैकफुट पर दिखाई दे रही है। जिनपिंग के मंत्री अमेरिकी समकक्ष से मुलाकात के समय यह तक कह गए कि आपको हमारे बड़े बाजारों से डरने की जरूरत नहीं है। ये आपके लिए एक मौके की तरह हैं। खबर के अनुसार चीन के कॉमर्स मंत्रालय के उप मंत्री वांग शॉवेन ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए अमेरिकी समकक्ष मारिसा लागो से चीन के तियानजिन शहर में मुलाकात की। यह बातचीन इस साल दोनों अधिकारियों के बीच दूसरी वार्ता है। चीनी नेता ने इस दौरान कहा हम आपके लिए एक अवसर है, खतरा नहीं। इससे पहले चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा था कि अमेरिका को चीनी सामान पर सभी टैरिफ हटा लेने चाहिए जो बाइडेन के प्रशासन ने चीन मे बने इलेक्ट्रिक वाहनों पर टैक्स जरूरत से ज्यादा बढ़ा दिया था। चीनी मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के व्यापारिक समुदायों द्वारा उठाए गए नीति और व्यावसायिक मुद्दों पर पेशेवर, तर्कसंगत और व्यावहारिक बातचीत हुई। इसमें कहा गया कि चीन ने उनके देश के सामान पर अमेरिकी टैक्स सहित अन्य मुद्दों पर चिंता व्यक्त की। साथ ही कहा कि चीन अत्यधिक क्षमता के बहाने व्यापार और निवेश प्रतिबंधों का विरोध करता है।

# तेल-तिलहन के भाव सुधरे जबकि सोयाबीन तिलहन में रही गिरावट



नई दिल्ली ।

कच्ची घानी के बड़े खाने के तेल मिलों की मांग बढ़ने तथा बरसात के कारण मंडियों में कम आवक से देश के तेल-तिलहन बाजारों में शनिवार को सरसों तेल-तिलहन की अगुवाई में मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम में सुधार दर्ज हुआ जबकि सोयाबीन तिलहन के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए। बाजार सूत्रों ने बताया कि बरसात के कारण सोयाबीन, मूंगफली और बिनौला आदि के फसल आने में अभी देर होगी जिसकी वजह से बाजार में कम आपूर्ति (शॉर्ट सप्लाई) की स्थिति बनी हुई है। तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहेः सरसों तिलहन 6,310-6,350 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली 6,700-6,975 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 15,850 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,385-2,685 रुपये प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 12,525 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की घानी 2,010-2,110 रुपये प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी 2,010-2,125 रुपये प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 10,625 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर 0,225 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल डीगम, कांडला 8,850 रुपये प्रति क्विंटल, सीपीओ एक्स-कांडला 9,425 रुपये प्रति क्विंटल, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 10,450 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन आरबीडी, दिल्ली 10,650 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन एक्स कांडला- 9,850 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल, सोयाबीन दाना 4,740-4,770 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज 4,540-4,675 रुपये प्रति क्विंटल और मक्का खल (सरिस्का) 4,200 रुपये प्रति क्विंटल।

## फूलेगा चीन का दम! सेमीकंडक्टर हब बनने की ओर भारत

**मुंबई ।** महाराष्ट्र मंत्रिमंडल की एक समिति ने 10 अरब (83,947 करोड़) के बड़े निवेश प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। यह परियोजना टावर सेमीकंडक्टर और अडानी ग्रुप के बीच साझेदारी में संचालित होगी। दोनों कंपनियां मिलकर एक जॉइंट वेंचर बनाएंगी जो महाराष्ट्र के पनवेल में एक सेमीकंडक्टर चिप निर्माण फैक्ट्री की स्थापना करेगी। यह सेमीकंडक्टर निर्माण यूनिट नवी मुंबई के रायगढ़ जिले में होगी। पहले चरण में इसकी क्षमता 40,000 वेफर स्टार्ट्स प्रति माह (डब्ल्यूएसपीएम) होगी, और परियोजना के पूरा होने पर कुल क्षमता 80,000 डब्ल्यूएसपीएम तक पहुंचने की उम्मीद है। दरअसल मोदी सरकार ने राज्यों को अपने सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित करने की स्वतंत्रता दी है, लेकिन केंद्र सरकार की योजना के तहत प्रोत्साहन की उम्मीद रखने वाले सभी आवेदकों को आईएसएम से अनुमति प्राप्त करनी होती है। यदि इस परियोजना को मंजूरी मिलती है, तब यह भारत की दूसरी चिप मैन्युफैक्चरिंग सुविधा और भारत का छठा सेमीकंडक्टर संयंत्र होगा जो चिप्स का उत्पादन या परीक्षण और पैकेजिंग करता है। इस सप्ताह की शुरुआत में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कर्नाटक के मैसूर में स्थित कंपनी केंस सेमीकंडक्टर द्वारा प्रस्तुत एक प्रस्ताव को मंजूरी दी, जिसमें 3,307 करोड़ की लागत से एक आउटसोर्स्ड असेंबली और टेस्टिंग यूनिट स्थापित की जाएगी। यह यूनिट गुजरात के साणंद में स्थापित होगी और इसकी कुल क्षमता 6.3 मिलियन चिप्स प्रति दिन होगी।

# यूट्यूब देखकर पथरी का ऑपरेशन, मौत

## दादा बोले- बार-बार मोबाइल देखता, फिर चीरा लगाता, पोते के पेट में दर्द था





छपरा । एक डॉक्टर ने यूट्यूब देखकर 15 साल के गोलू साह का ऑपरेशन किया। जिसमें उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि गोलू को पेट दर्द की शिकायत के बाद उसे पास के ही नर्सिंग होम भर्ती कराया था। वहां के डॉक्टर ने बताया कि उसे पथरी की शिकायत है। मरीज को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद डॉक्टर ने गोलू के पिता को कंपाउंडर के साथ डीजल लाने के लिए भेज दिया और फिर यूट्यूब देखकर ऑपरेशन करने लगा। दादा प्रह्लाद साह ने बताया कि डॉक्टर मोबाइल पर बार-बार यूट्यूब देखकर पेट पर चीरा लगा रहा था। इसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। गोलू की बिगड़गी हालत के बाद आरोपी ने खुद एंबुलेंस बुलाई और एक स्टाफ और उसकी दादी के साथ इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया, लेकिन पटना पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। रास्ते में किशोर की मौत के बाद नर्सिंग होम का डॉक्टर और स्टाफ फरार हो गए। घटना गड़खा थाना क्षेत्र के मोतीराजपुर धर्मबागी स्थित गणपति सेवा सदन नाम एक नर्सिंग होम का है। मृतक गोलू मढ़ौरा थाना क्षेत्र के भुवालपुर गांव निवासी चंदन शाह का बड़ा बेटा था। उसे पेट में पहले से ही गॉल ब्लैडर में पथरी की शिकायत थी। मृतक के दादा प्रहलाद प्रसाद साह ने बताया कि पोता को पेट में दर्द की शिकायत थी। उसे लगातार वोमिटिंग भी हो रही थी। जिसके बाद उसे इलाज के लिए गणपति सेवा सदन में भर्ती कराया गया था। यहां कथित डॉक्टर अजीत कुमार पुरी ने मृतक के पिता को डॉक्टर ने अपने कंपाउंड के साथ डीजल लाने के लिए भेज दिया था। इसके बाद परिजनों की अनुमति के बिना ही मोबाइल में यू-ट्यूब पर देखकर किशोर का ऑपरेशन करने लगा। शिकायत किए जाने पर डांट फटकार कर परिजनों को भगा दिया गया। दादा प्रहलाद साह के मुताबिक, डॉक्टर ने ये कहकर भगा दिया 'डॉक्टर हम हैं कि तुम भागो यहां से'। इसके बाद परिजन वहां से चले गए। गाव वालों का कहना है कि आरोपी अजित कुमार पूरी ने किसी डॉक्टर के पास रहकर थोड़ा-बहुत इलाज करना सीखा था। पिछले 5 सालों से धमार्बागी बाजार पर अवैध रूप से नर्सिंग होम चला रहा था। मूल रूप से वह गड़खा थाना क्षेत्र के बभवनिया गांव का रहने वाला है। आसपास के मरीजों का प्राथमिक उपचार करता था। बाद में बाहर से डॉक्टर को बुलाकर ऑपरेशन भी करवाने लगा। मौत के बाद अस्पताल में ताला बंदकर सभी लोग फरार हो गए है। कोई मरीज नही है। वहीं, परिजन की शिकायत के बाद पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जिले में फर्जी तरीके से संचालित नर्सिंग होम की संख्या सैकड़ों में है। जिला मुख्यालय से प्रखंडों में तीन चार कमरे में संचालित नर्सिंग होम की भरमार है। प्रशासन की नाक के नीचे ये फर्जी अस्पताल बिना रोक-टोक के संचालित हो रहे हैं। वहीं समय-समय पर जांच के नाम पर महज लीपापोती की जा रही है। यह स्थिति तब है जब इधर के दिनों में प्रशासनिक स्तर पर जांच की कार्रवाई की जा रही है। अब जांच किस तरह से की जा रही है और इस बहाने कितनी अवैध उगाही की जा रही है यह सवाल हो सकता है। फिलहाल सच यही है कि जांच के बाद भी सभी जगहों पर बिना मानक के नर्सिंग होम संचालित है और बिना डिग्री वाले कथित डॉक्टर बीमार लोगों का इलाज कर रहे हैं।

## नवादा में सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा गंभीर




नवादा । तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे की हालत गंभीर है। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। घटना के बाद आक्रोशित लागों ने सड़क जाम कर दिया। इतना ही नहीं गुस्साए लोगों ने खड़े ट्रक में आग लगा दी। घटना की सूचना पुलिस पहुंचकर और लोगों को समझाने-बुझाने में जुट गई। कड़ी मशक्कत के बाद लोग माने और प्रदर्शन खत्म किया। इधर,अग्निशमन विभाग के कर्मियों को बुलाया गया तबतक बहुत देर हो चुकी थी। आग ने अपने आगोश में ट्रक को ले लिया था। ट्रक पूरी तरह जल गया। वहीं मृत युवक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के गोनावां निवासी पवन सिंह का 32 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार उर्फ बिट्टू कुमार के रूप में की गई हैं। वहीं घायल युवक की पहचान वारिसलीगंज के सिमरी गांव के हरि सिंह के रूप में की गई। घटनास्थल बड़ी संख्या में पुलिस कैंप कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल नवादा भेजा दिया। इधर, घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हैं। वहीं युवक अतौआ के तरफ से अपने घर लौट रहा था। मृतक युवक के तीन छोटे छोटे बच्चे हैं परिवार को देखने वाला कोई नहीं है।

## युवक ने खुद को गोली मार किया सुसाइड

### एसएससी की कर रहा था तैयारी, पिता ने कहा- बेटे ने डिप्रेशन के बारे में कभी नहीं बताया



समस्तीपुर । एक युवक ने खुद को गोली मार आत्महत्या कर ली। उसने अपने घर में सुसाइड किया। मृतक अजय श्रीवास्तव का बेटा अमन श्रीवास्तव (23) है। जो एसएससी की तैयारी कर रहा था। फिलहाल यही माना जा रहा कि डिप्रेशन में आकर उसने सुसाइड किया। सुसाइड के वक्त घर में सिर्फ उसकी मां थी। पिता दुकान से घर लौटे तो छत पर गए। छत पर निर्माण कार्य चल रहा था। एक कमरे का दरवाजा खुला था। गेट बंद करने के लिए वे कमरे की ओर बढ़े। उन्होंने देखा अमन खून से लथपथ पड़ा है। मृतक के पिता अजय श्रीवास्तव ने बताया कि मेरा बेटा पूसा से डीएलएड भी कर रहा था। अमन घर से बहुत कम निकलता था, उसके दोस्त भी बहुत कम थे। अमन ने कभी नहीं बताया कि वह डिप्रेशन में है। घटना शहर के माधुरी चौक रोड नंबर-10 की है। अमन के पिता अजय श्रीवास्तव ने कहा कि मेरी दुकान माधुरी चौक पर है। मैं अपनी दुकान पर था। मेरी पत्नी घर में अकेली थी। बड़ा बेटा भी कहीं निकला हुआ था। जब मैं घर लौटा तो छत पर सेंटरिंग देखने गया। कमरे की तरफ गेट बंद करने गया तो मेरा पैर जमीन पर पड़े बेटे के पैर से सटा। वहां पर काफी अंधेरा था, वापस नीचे गया और परिवार के अन्य लोगों के साथ रोशनी लेकर फिर ऊपर आया। देखा कि अमन की मौत हो चुकी है। लाश पड़ी है। एक देसी कट्टा भी उसके हाथ में पड़ा था। घटना की सूचना पर नगर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को जब्त कर रात में पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जिस कमरे में शव पड़ा था, उसे सील कर दिया गया है। फॉरेंसिक विभाग की टीम को भी बुलाया गया है। माना जा रहा है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता नहीं मिलने के कारण वो तनाव में था। इसी कारण आत्महत्या कर ली। नगर थाना अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल का मुआयना किया। मामला आत्महत्या का लग रहा है। चर्चा इस बात की भी जोरों पर हो रही है कि जब अमन पढ़ने लिखने वाला युवक था, अधिकतर समय पढ़ाई-लिखाई में ही गुजारता था, घर से काफी कम निकलता था।

## संक्षिप्त डायरी

### मुजफ्फरपुर में दो और मिले डेंगू के मरीज, संक्रमितों की संख्या बढ़कर हुई 53



मुजफ्फरपुर । डेंगू दो नए मरीज मिले हैं। जिले में संक्रमितों की संख्या 53 हो गई है। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम अलर्ट मोड पर है। ग्रामीण क्षेत्र में लगातार डेंगू से बचाव के लिए फॉगिंग और दवा का छिड़काव किया जा रहा है। डेंगू से बचाव को लेकर स्वास्थ विभाग की टीम सभी आवश्यक तैयारी करने में जुटी हुई है। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने सभी जिलों को डेंगू के इलाज के लिए डॉक्टर से लेकर लैब तकनीशियन की ट्रेनिंग कराने का निर्देश दिया है। जिले में अबतक औराई में 2, बोचहां में 3, गायघाट में 3, कांटी में 4, कटरा में 2, कुढ़नी में एक, मोतीपुर में एक, मीनापुर में 8, मुशहरी में 18, मुरौल में एक, पारू में एक, सकरा में एक और शहरी क्षेत्र में 8 मरीज मिल चुके हैं। सिविल सर्जन ने बताया की हम लोग डेंगू को लेकर के पूरी तरह से तैयार है और इसको लेकर के विभाग को निर्देश दिए गए हैं। लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान जिले ग्रामीण इलाके में भी किया जा रहा है। इस दौरान कुछ सावधानी बरतने की जरूरत है। जैसे घर के आसपास या घर के अंदर पानी न जमा होने दें। गमला, कूलर, रखे हुए टायर में पानी भर जाए, तो इसे तुरंत निकाल लें। साफ-सफाई का खास ख्याल रखें। कूलर में अगर पानी है, तो इसमें कैरोसिन तेल डालकर रखें, इससे मच्छर पनपने की संभावना कम हो जाती है। पानी की टंकियों को खुला न छोड़े, अच्छी तरह ढककर रखें। इन दिनों फुल स्लीव और पैरों को ज्यादा से ज्यादा ढकने वाले कपड़े पहनें। बच्चों को मच्छर से बचाने वाली क्रीम लगाकर ही बाहर भेंजें।

### दोस्त की गर्लफ्रेंड से मिलने गया था, पीट-पीटकर हत्या



बेगूसराय । बीरपुर पश्चिम पंचायत के वार्ड संख्या 5 के एक घर में मातम है। आसपास सन्नाटा है। घर में घुसते ही उस मां के रोने की आवाज सुनाई देती है, जिसने अपना जवान बेटा खो दिया है। 25 साल का मोहित कुमार बाहर काम करता था, सोमवार को वापस जाने वाला भी था। इससे पहले वो भीड़ का शिकार हो गया। मॉब लिंचिंग में जवान बेटे मोहित की हत्या ने परिवार में सभी को तोड़कर रख दिया है। मोहित के मां-पिता का कहना है कि 'उसकी हत्या बकरी चोरी के आरोप में नहीं, बल्कि उसके दोस्त के लव अफेयर में की गई है।' दरअसल, बेगूसराय में शुक्रवार को लोगों ने दो युवकों की पेड़ से बांधकर पिटाई की। उनमें से एक की मौत हो गई। अब इस मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पहले बताया गया था कि ग्रामीणों ने युवकों पर बकरी चोरी के आरोप में पकड़ा और उनकी पिटाई की थी, लेकिन मृतक के परिजनों का कहना है कि मोहित को उसका दोस्त राहुल अपनी गर्लफ्रेंड से मिलाने के लिए ले गया था। लड़की के परिजनों ने उन्हें देख लिया और दोनों युवकों की बांधकर पिटाई शुरू कर दी। जिससे मोहित की मौत हो गई। मोहित ने सदर अस्पताल में दम तोड़ दिया था। जबकि, राहुल की स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। उसे ढटउळ रेफर किया गया है। मोहित का शनिवार को सिमरिया गंगा तट पर अंतिम संस्कार किया गया। बड़े भाई ने उसे जब मुखाग्नी दी तो वहां मौजूद हर शख्स रो पड़ा। मृतक मोहित की मां सीता देवी, पिता नरेश साह, भाई-भाभी और तीन भतीजा-भतीजी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। लड़की के मोहल्ले से कई पुरुष फरार हैं। अब वहां इस घटना पर कोई बात नहीं करना चाहता है।

### बुजुर्ग ने 7 साल की मासूम के साथ किया रेप



जहानाबाद । एक 60 साल के बुजुर्ग ने 7 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। घटना टेहटा थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि पीड़िता शनिवार की शाम घर के पास खेल रही थी। तभी उसके पड़ोसी नेरेश महतो ने उसे गोद में उठा लिया और सुनसान इलाके में ले जाकर घटना को अंजाम दिया । वहीं दरवाजे पर बच्ची को नहीं देख उसकी मां ने खोजबीन शुरू की। जिसके बाद बच्ची रोती बिखलती उसके घर पहुंची और घटना के बारे में अपनी मां को बताया। मां ने घटना की सूचना स्थानीय थाने के पुलिस को दिया। सुचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं नाबालिग बच्ची को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मेडिकल जांच की जा रही है, जांच रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा हो पाएगा। पीड़िता की मां के आवेदन के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, आगे की कार्रवाई की जा रही है ।

## सांसद ने हेड क्लर्क को नशे में गिरफ्तार करवाया

### सीओ ऑफिस का पप्पू यादव ने किया निरीक्षण, शराब की दुर्गंध पर थानाध्यक्ष को बुलाया



पूर्णिया। कार्यालय अवधि में रूपौली सीओ ऑफिस के हेड क्लर्क शराब के नशे में धुत्त मिले। मुंह से शराब की गंध आने पर सांसद पप्पू यादव ने थानेदार को बुलाकर उन्हें अरेस्ट करवा दिया। दरअसल शनिवार को सांसद पप्पू यादव औचक निरीक्षण करने रूपौली अंचल कार्यालय पहुंचे। सांसद ने कार्यालय की जांच की। निरीक्षण के दौरान बीडीओ, सीओ के साथ अधिकतर कर्मी गायब दिखे। लेकिन, अंचल में तैनात प्रधान लिपिक आनंद कांत ठाकुर शराब के नशे में कुर्सी पर डटे मिले। जैसे ही सांसद प्रधान लिपिक के पास पहुंचे, शराब की दुर्गंध मिली। सांसद ने प्रधान लिपिक से बात करने के बजाय सीधे रूपौली थानेदार को फोन लगाया और मौके पर बुलाया। थानाध्यक्ष उदय कुमार प्रधान ने लिपिक को गिरफ्तार कर लिया। सांसद पप्पू यादव ने प्रखंड कार्यालय का भी निरीक्षण किया। मौके पर सैकड़ों लोगों ने सांसद के सामने अंचल कार्यालय, मनरेगा के साथ आधार सेंटर में फैले भ्रष्टाचार की शिकायत की झड़ी लगा दी। सांसद से जब यह पूछा गया कि बिहार में शराबबंदी है और प्रधान लिपिक ही शराब के नशे में धुत्त मिले हैं तो इस पर उन्होंने सीधे बिहार सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कहां है शराबबंदी ? पप्पू यादव ने कहा कि सिर्फ गरीबों के लिए शराबबंदी का कानून असरदार है। वहीं, थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रधान लिपिक को धमदाहा भेजा गया। वहां ब्रेथ एनलाइजर से उनके शराब पीने की जांच करवाई गई, जिसमें नशे की पुष्टि हुई। मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के निरीक्षण के बाद संसद का काफिला रूपौली रेफरल अस्पताल पहुंचा। यहां वो जर्जर भवन देख अचंभित रह गए। पप्पू यादव ने कहा कि सरकार कहती है कि स्वास्थ्य सेवा को बेहतर किया गया है। पर इसके दावे को खोखले साबित करने के लिए रूपौली रेफरल अस्पताल का यह जर्जन भवन ही काफी है। आज भी बेहतर संसाधन का अभाव है, जिसे दुरुस्त करने की जरूरत है। सांसद एक्सरे कक्ष पहुंचे। यहां कर्मी को सख्त हिदायत दी कि 24 घंटे सेवा देनी पड़ेगी। यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित एनजीओ के खिलाफ कार्रवाई के लिए विभाग के वरिय अधिकारी को लिखा जाएगा। वहीं, उन्होंने जल्द ही रूपौली रेफरल अस्पताल भवन निर्माण की दिशा में विभाग से भी बात करने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर चिकित्सा और शिक्षा मुहैया कराने के लिए मैं कृत संकल्पित हूं। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के निरीक्षण के बाद सांसद प्रखंड परिसर स्थित मनरेगा भवन पहुंचे। साथ ही बगल में स्थित आधार सेंटर पहुंचे। वहां के कर्मी को कहा कि लोगों की शिकायत है कि आधार कार्ड में नाम सुधार करवाने से लेकर मोबाइल नंबर तक बदलने में 200 से 500 रुपए तक की अवैध उगाही की जाती है।

## पटना में महिला का शव बरामद, चोट के निशान मिले



पटना । अथमलगोला में महिला अनीता देवी (35) का शव बरामद हुआ है। पूरा मामला नीरपुर गांव का है। शव, अनीता के मायके के पास ही गली में पड़ा मिला। अनीता के गले, सिर और कनपट्टी पर धारदार हथियार से हमले के निशान हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेज दिया। परिजनों ने बताया कि महिला का ससुराल मसौढ़ी में है, फिलहाल वह अपने मायके में रह रही थी। कल दोपहर 11:00 बजे महिला गहना छुड़ाने की बात कहकर फतुहा गई थी। इसके बाद देर होने पर मायके वालों ने कॉल किया तो मोबाइल फोन बंद बता रहा था। परिजनों के द्वारा महिला को फतुहा बाजार और आसपास के विभिन्न इलाकों में ढूंढा गया, लेकिन वह नहीं बोली। सुबह में जब ग्रामीण टहलने घर से निकले तो महिला का शव गली में पड़ा था। इसके बाद परिजनों को इसकी सूचना दी गई। अथमलगोला थाने के रकसुबोध कुमार ने बताया कि धारदार हथियार से गला, सिर और कनपट्टी पर वार किया गया है। पुलिस के द्वारा छानबीन की जा रही है। हत्या की आशंका परिजनों ने किसी पर भी जाहिर नहीं की है। पोस्टमार्टम के बाद ही घटना की वजह का पता चलेगा है।

## गोरखपुर से सियालदह के बीच चलेगी पूजा स्पेशल

### छपरा के रास्ते 17 फेरों में चलाई जाएगी, देखें रूट और टाइमिंग



छपरा। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये छपरा के रास्ते गोरखपुर से सियालदह के बीच स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। इस ट्रेन के संचालन से छपरा और आसपास के यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा। ट्रेन संख्या 03131/03132 सियालदह-गोरखपुर-सियालदह विशेष गाड़ी सियालदह से 05, 07, 12, 14, 19, 21, 26, 28 अक्टूबर तथा 02, 04, 09, 11, 16, 18, 23, 25 एवं 30 नवम्बर, 2024 को चलेगी। तथा गोरखपुर से 06, 08, 13, 15, 20, 22, 27, 29 अक्टूबर, 03, 05, 10, 12, 17, 19, 24, 26 तथा 01 दिसम्बर, 2024 को 17 फेरों के लिए किया जायेगा। गाड़ी सं-03131 सियालदह-गोरखपुर विशेष गाड़ी सियालदह से 18.15 बजे प्रस्थान कर बर्धमान से 20.05 बजे, दुगार्पुर से 20.57 बजे, आसनसोल से 21.35 बजे, चितरंजन से 22.05 बजे, मधुपुर से 22.42 बजे, जसीडीह से 23.17 बजे, झाझा से 23.55 बजे, दूसरे दिन किऊल से 00.52 बजे, मोकामा से 01.27 बजे, बख्तियारपुर से 02.00 बजे, पटना से 03.35 बजे, पाटलिपुत्र से 04.10 बजे, छपरा से 06.30 बजे, सीवान से 07.15 बजे तथा देवरिया सदर से 08.22 बजे छूटकर गोरखपुर 10.10 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में गाड़ी सं-03132 गोरखपुर-सियालदह विशेष गाड़ी गोरखपुर से 11.30 बजे प्रस्थान कर देवरिया सदर से 13.25 बजे, सीवान से 14.40 बजे, छपरा से 16.05 बजे, पाटलिपुत्र से 19.25 बजे, पटना से 20.05 बजे, बख्तियारपुर से 20.55 बजे, मोकामा से 21.38 बजे, किऊल से 22.12 बजे, झाझा से 23.55 बजे, दूसरे दिन जसीडीह से 00.30 बजे, मधुपुर से 01.00 बजे, चितरंजन से 01.42 बजे, आसनसोल से 02.27 बजे, दुगार्पुर से 03.07 बजे तथा बर्धमान से 04.12 बजे छूटकर सियालदह 06.25 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 16 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

## धूमधाम से मनाया जा रहा गणेश पूजा

### मुंगेर में 20 फिट की प्रतिमा बना आकर्षण का केंद्र, दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को जुटी भीड़





मुंगेर । विभिन्न जगहों पर गणेश पूजा का आयोजन किया गया। जिसे लेकर जगह-जगह पर प्रतिमा स्थापित की गई है। गणेश पूजा को लेकर जिला मुख्यालय में कई जगहों पर आकर्षक पंडाल के अलावा मंदिर को रंगीन बल्बों से सजाया गया है। जबकि शहर में जो गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। जिसमें बेकापुर, मोगल बाजार और माधोपुर में कई जगहों पर 20 से 22 फीट ऊंची गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है, जो शहर वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बेकापुर मनकेश्वर नाथ महादेव मंदिर के पास लगभग 18 फीट, मोगल बाजार में 20 फीट और माधोपुर में लगभग 19 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा बनायी गयी है। इस आकर्षक प्रतिमा को देखने को लेकर लोगों की काफी भीड़ उमड़ रही है। इसके अलावा शहर में शादीपुर तिलक मैदान, गढ़ैया मार्केट, शादीपुर, गुलजार पोखर, अंबे चौक, पूरबसराय सहित अन्य जगहों पर प्रतिमा स्थापित की गई। इसके अलावा प्रखंड क्षेत्र में मुंगेर सदर, जमालपुर, बरियारपुर, धरहरा, हवेली खड़गपुर, टेटिया बंबर, तारापुर, असरगंज, संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में कई जगहों पर गणेश प्रतिमा को स्थापित की गई है। पूजा के पहले दिन कई जगहों पर भक्ति जागरण के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न मंदिरों में एक ओर जहां महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तन किया गया तो वहीं दूसरी ओर छोटे-छोटे बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा दिखा रहे थे। इधर गणेश पूजा के अवसर तीन दिनों तक अलग-अलग कार्यक्रम किए गए है। भगवान के भोग में हलवा, खिचड़ी का प्रसाद लगाया गया। वहीं इसके बाद महाआरती का भी आयोजन किया गया। गणेश पूजा को लेकर जिला में एसपी सैयद इमरान मसूद के निर्देश पर सभी जगहों पर पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। शहरी क्षेत्र में संवेदनशील जगहों पर पुलिस और दंडाधिकारी को लगाया गया है। इसके अलावा शहर के प्रमुख चौक चौराहा भी पुलिस जवानों को सुरक्षा में लगाया गया है। इसके अलावा जहां-जहां प्रतिमा स्थापित हुई है, वैसे जगहों पर बाइक सवार पुलिस के द्वारा गश्ती किया जा रहा है।



# यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः को ही सिद्ध करती है तुलसीदास जी रचित रामचरित मानस

तुलसीदास जी रचित रामचरित मानस में नारियों को सम्मान जनक रूप में प्रस्तुत किया है। जिससे 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः' ही सिद्ध होता है। नारियों के बारे में उनके जो विचार देखने में आते हैं उनमें से कुछ इस प्रकार हैं :-

*धीरज, धर्म, मित्र अरु नारी।*
*आपद काल परखिए चारी।।*

अर्थात धीरज, धर्म, मित्र और पत्नी की परीक्षा अति विपत्ति के समय ही की जा सकती है। इंसान के अच्छे समय में तो उसका हर कोई साथ देता है, जो बुरे समय में आपके साथ रहे वही आपका सच्चा साथी है। उसीके ऊपर आपको सबसे अधिक भरोसा करना चाहिए।

*जननी सम जानहिं पर नारी।*
*तिन्ह के मन सुभ सदन तुम्हारे ।।*

अर्थात जो पुरुष अपनी पत्नी के अलावा किसी और स्त्री को अपनी मां सामान समझता है, उसी के ह्रदय में भगवान का निवास स्थान होता है। जो पुरुष दूसरी नारियों के साथ संबंध बनाते हैं वह पापी होते हैं, उनसे ईश्वर हमेशा दूर रहता है।

*मूढ़ तोहि अतिसय अभिमाना ।*
*नारी सिखावन करसि काना ।।*

अर्थात भगवान राम सुग्रीव के बड़े भाई बाली के सामने स्त्री के सम्मान का आदर करते हुए कहते हैं, दुष्ट बाली तुम अज्ञानी पुरुष तो हो ही लेकिन तुमने अपने घमंड में आकर अपनी विद्वान पत्नी की बात भी नहीं मानी और तुम हार गए। मतलब अगर कोई आपको अच्छी बात कह रहा है तो अपने अभिमान को त्यागकर उसे सुनना चाहिए, क्या पता उससे आपका फायदा ही हो जाए।

*तुलसी देखि सुबेषु भूलहिं*
*मूढ़ न चतुर न सुन्दर ।*
*केकिही पेखु बचन सुधा*
*सम असन अहि ।।*

अर्थात तुलसीदास जी कहते हैं सुन्दर लोगों को देखकर मुर्ख लोग ही नहीं बल्कि चालाक मनुष्य भी धोखा खा जाता है। सुन्दर मोरो को ही देख लीजिए उनकी बोली तो बहुत मीठी है लेकिन वह सांप का सेवन करते हैं। इसका मतलब सुन्दरता के पीछे नहीं भागना चाहिए। चाहे कोई भी हो। तमाम सीमाओं और अंतर्विरोधों के बावजूद तुलसी लोकमानस में रमे हुए कवि हैं। उनका सबसे प्रचलित दोहा जिसे सबने अपने तरीके से तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया। हमेशा विवादों के घेरे में आ जाता है। कई महिला संगठनों ने तो इसका घोर विरोध भी किया।

*प्रभु भल कीन्ह मोहि सिख दीन्ही।*
*मरजादा पुनि तुम्हरी कीन्हीं।*
*ढोल गंवार सूद्र पसु नारी।*
*सकल ताड़ना के अधिकारी।*

अर्थात प्रभु ने अच्छा किया जो मुझे शिक्षा दी (दंड दिया), किंतु मर्यादा (जीवों का स्वभाव) भी आपकी ही बनाई हुई है। ढोल, गंवार, शूद्र, पशु और स्त्री ये सब शिक्षा के अधिकारी हैं।

कुछ लोग इस चौपाई का अपनी बुद्धि और अतिज्ञान के कारण विपरीत अर्थ निकालकर तुलसी दास जी और रामचरित मानस पर आक्षेप लगाते हुए अक्सर दिख जाते हैं। सामान्य समझ की बात है कि अगर तुलसीदास जी स्त्रियों से द्वेष या घृणा करते तो रामचरित मानस में उन्होंने स्त्री को देवी समान क्यों बताया? और तो और- तुलसीदास जी ने तो-

*एक नारिब्रतरत सब झारी।*
*ते मन बच क्रम पतिहितकारी।*

अर्थात, पुरुष के विशेषाधिकारों को न मानकर दोनों को समान रूप से एक ही व्रत पालने का आदेश दिया है। साथ ही सीता जी की परम आदर्शवादी महिला एवं उनकी नैतिकता का चित्रण, उर्मिला के विरह और त्याग का चित्रण यहां तक कि लंका से मंदोदरी और त्रिजटा का चित्रण भी सकारात्मक ही है। सिर्फ इतना ही नहीं सुरसा जैसी राक्षसी को भी हनुमान द्वारा माता कहना, कैकेई और मंथरा भी तब सहानुभूति का पात्र हो जाती हैं जब उन्हें अपनी गलती का पश्चाताप होता है ऐसे में तुलसीदासजी के शब्द का अर्थ स्त्री को पीटना अथवा प्रताड़ित करना है ऐसा तो आसानी से हजम नहीं होता। इस बात का भी ध्यान रखना आवश्यक है कि तुलसीदास जी शूद्रों के विषय में तो कदापि ऐसा लिख ही नहीं सकते क्योंकि उनके प्रिय राम द्वारा शबरी, निषाद, केवट आदि से मिलन के जो उदाहरण है वो तो और कुछ ही दर्शाते हैं।

तुलसीदास जी ने मानस की रचना अवधी में की है और प्रचलित शब्द ज्यादा आए हैं, इसलिए 'ताड़न' शब्द को संस्कृत से ही जोड़कर नहीं देखा जा सकता, राजा दशरथ ने स्त्री के वचनों के कारण ही तो अपने प्राण दे दिए थे। श्री राम ने स्त्री की रक्षा के लिए रावण से युद्ध किया, रामायण के प्रत्येक पात्र द्वारा पूरी रामायण में स्त्रियों का सम्मान किया गया और उन्हें देवी बताया गया। असल में ये चौपाइयां उस समय कही गई है जब समुद्र द्वारा श्रीराम की विनय स्वीकार न करने पर जब श्री राम क्रोधित हो गए और अपने तरकश से बाण निकाला तब समुद्र देव श्रीराम के चरणों मे आए और श्रीराम से क्षमा मांगते हुए अनुनय करते हुए कहने लगे कि- हे प्रभु आपने अच्छा किया जो मुझे शिक्षा दी और ये ये लोग विशेष ध्यान रखने यानि, शिक्षा देने के योग्य होते हैं। ताड़ना एक अवधी शब्द है जिसका अर्थ पहचानना परखना या रेकी करना होता है। तुलसीदास जी के कहने का मंतव्य यह है कि अगर हम ढोल के व्यवहार (सुर) को नहीं पहचानते तो, उसे बजाते समय उसकी आवाज कर्कश होगी अतः उससे स्वभाव को जानना आवश्यक है।

इसी तरह गंवार का अर्थ किसी का मजाक उड़ाना नहीं बल्कि उनसे है जो अज्ञानी हैं और उनकी प्रकृति या व्यवहार को जाने बिना उसके साथ जीवन सही से नहीं बिताया जा सकता। इसी तरह पशु और नारी के परिप्रेक्ष में भी वही अर्थ है कि जब तक हम नारी के स्वभाव को नहीं पहचानते उसके साथ जीवन का निर्वाह अच्छी तरह और सुखपूर्वक नहीं हो सकता। इसका सीधा सा भावार्थ यह है कि ढोल, गंवार, शूद्र, पशु और नारी के व्यवहार को ठीक से समझना चाहिए और उनके किसी भी बात का बुरा नहीं मानना चाहिए। परन्तु दुर्भाग्य तुलसीदास जी रचित इस चौपाई को लोग अपने जीवन में भी उतारते हैं और रामचरित मानस को नहीं समझ पाते हैं।







# जब नवग्रहों के राजा भगवान सूर्य को भी शिवजी के कोप का शिकार बनना पड़ा

ब्रह्मवैवर्त पुराण में ऐसी है एक कथाभगवान शिव कितने भोले हैं यह तो सभी जानते हैं। कभी वह शिवलिंग के ऊपर बंधे घंटे को चोरी करने वाले को अपना भक्त मान लेते हैं। तो कभी पेड़ पर चढ़े शिकारी के यूं ही बेलपत्र तोड़कर नीचे फेंकने को उसकी भक्ति समझ लेते हैं। यही नहीं उससे प्रसन्न होकर वह उसे सर्वस्य दे भी देते हैं। इससे इतर भोले भंडारी को यदि क्रोध आ जाए तो वह कितना विकराल रूप ले लेता है। इसका उदाहरण भी धर्म शास्त्रों में देखने को मिलता है। 18 पुराणों में सबसे प्राचीनतम पुराण ब्रह्मवैवर्त पुराण में ऐसी ही एक कथा मिलती है जब नवग्रहों के राजाधिराज भगवान सूर्य को भी शिवजी के कोप का शिकार बनना पड़ा। आइए जानते हैं क्या है पूरी कहानी?

## इसलिए आया था अवढरदानी को गुस्सा

मनुष्य, देवता या फिर दैत्य जो भी भगवान शिव की शरण में पहुंचता है। वह बिना किसी भेदभाव के सभी पर कृपा करते हैं। एक बार दैत्य माली और सुमाली भी उनकी शरण में



अपनी पुकार लेकर पहुंचे। वह गंभीर शारीरिक पीड़ा से त्रस्त थे। सूर्य देव की अवहेलना से उन्हें इस व्याधि से भी मुक्ति नहीं मिल रही थी। अपनी करुण पुकार लेकर वह भगवान शिव की शरण में पहुंचे।

## तब कश्यप नंदन सूर्य पर शिव ने किया प्रहार

ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार भगवान शिव अपनी शरण में आए दैत्य माली-सुमाली की दारुण व्यथा सुनकर अत्यंत क्रोधित हुए। उन्होंने कश्यप नंदन सूर्य पर अपने त्रिशूल से प्रहार कर दिया। उस समय संपूर्ण लोकों को प्रकाशित करने वाले सूर्य देव अपने सात घोड़ों के रथ पर विराजमान थे। वह भोलेनाथ का प्रहार सहन नहीं कर पाए और रथ से नीचे गिर कर अचेत हो गए। उनके गिरते ही संपूर्ण सृष्टि अंधकार में डूब गई।

## कश्यप ऋषि ने दिया भगवान शिव को शाप

संपूर्ण जगत में अंधियारा होने पर सूर्य देव के पिता कश्यप ऋषि को अपने पुत्र की चिंता हुई। जैसे ही वह भगवान सूर्य के पास पहुंचे तो उन्हें पता चला कि उनके पुत्र पर भगवान शिव ने प्रहार किया है। वह क्रोध से आग बबूला हो गए और अपना संयम खो बैठे। आवेश में आकर उन्होंने शिवजी को शाप दे डाला। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आज वह अपने पुत्र की हालत पर रो रहे हैं। एक दिन उन्हें भी ऐसे ही दुःखी होना पड़ेगा। वह भी पुत्र कष्ट से रोएंगे।

## ऐसे दिया भोले ने सूर्य देव का जीवन दान

कुछ ही क्षणों में जब भगवान शिव का क्रोध शांत हुआ तो उन्होंने देखा कि संपूर्ण सृष्टि में अंधकार होने से हाहाकार मचा है। उन्होंने सूर्य देव को जीवन दान दिया। तभी शिवजी को ऋषि कश्यप के शाप के बारे में पता चला। उन्होंने सभी का त्याग करने का निश्चय किया। यह सुनकर ब्रह्माजी भगवान सूर्य के पास पहुंचे। उन्हें उनके कार्य का दायित्व सौंपा। इसके बाद शिवजी, ब्रह्मा और ऋषि कश्यप सभी ने सूर्य को आशीर्वाद दिया और अपने-अपने स्थान पर वापस चले गए।ये पौधे दूर कर देते हैं लाइफ की सारी टेंशन, मनचाही मुरादें भी करते हैं पूरीमाली-सुमाली की व्याधि भी हुई दूरसूर्य जैसे ही अपनी राशि पर आरूढ़ हुए माली-सुमाली पुनः शारीरिक कष्ट से जूझने लगे। तब ब्रह्मा जी ने स्वयं ही दोनों दैत्यों को सूर्य की उपासना का महत्व समझाया और कहा कि पूरी निष्ठा से उनकी उपासना करें। उनकी कृपा से ही वह पूर्ण रूप से निरोगी होंगे। तब माली-सुमाली ने ब्रह्मा जी के कहे अनुसार सूर्य देव की पूजा- आराधना की। उनकी पूजा से प्रसन्न होकर सूरज देवता ने उनकी समस्त शारीरिक व्याधियों का अंत कर दिया।

# ऐसा क्या हुआ देवी लक्ष्मी ने रुला दिया भगवान विष्णु को

कहते हैं कि जिस भी घर में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है वहां सुख-शांति का वास होता है। दांपत्य जीवन भी सुखमय होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इक बार ऐसा भी हुआ कि श्री हरि को भी माता लक्ष्मी की वजह से रोना पड़ा। आइए जानते हैं क्या है पूरी कहानीजब श्री हरि के संग होने की बात कही देवी लक्ष्मी नेपौराणिक कथाओं में जिक्र मिलता है कि एक बार श्री हरि धरती पर भ्रमण के लिए जा रहे थे। तभी देवी लक्ष्मी ने उनके साथ चलने की अनुमति मांगी। कई बार कहने पर भगवान विष्णु ने कहा कि वह साथ चल सकती हैं लेकिन उन्हें एक शर्त माननी होगी। उन्होंने कहा कि धरती पर कैसी भी स्थिति आए लेकिन उन्हें उत्तर दिशा की ओर नहीं देखना है। देवी लक्ष्मी भी भगवान की शर्त मान लेती हैं और साथ चल देती हैं। इस तरह खुद को रोक न सके भगवान और रो पड़ेकथा मिलती है कि जब श्री विष्णु और माता लक्ष्मी पर भ्रमण कर रहे थे। तभी देवी की नजर उत्तर दिशा की ओर पड़ी। उस ओर इतनी हरियाली थी कि वह खुद को रोक न सकीं और सामने दिख रहे बगीचे में चली गई। इसके बाद उन्होंने उस बाग से एक पुष्प तोड़ लिया और भगवान विष्णु के पास वापस आई। उन्हें देखते ही श्री हरि रो पड़े। तभी माता लक्ष्मी को उनकी शर्त याद आई। तब भगवान विष्णु ने कहा कि बिना किसी से पूछे उसकी किसी भी वस्तु को छूना अपराध है। लक्ष्मीजी को इस वजह से बनना पड़ा दासीदेवी लक्ष्मी को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी। लेकिन श्रीहरि ने कहा कि इस गलती की माफी उस बगीचे का माली ही दे सकता है। उन्होंने कहा कि अब उन्हें उस माली के घर में दासी बनकर रहना होगा। देवी लक्ष्मी ने उसी क्षण गरीब औरत का रूप धारण किया और सीधे उस माली के घर पहुंच गई। माली ने उनसे कभी खेत में काम करवाया, कभी बगीचे में तो कभी घर में। लेकिन एक दिन उसे पता चला कि वह दासी कोई और नहीं माता लक्ष्मी हैं। तो वह रो पड़ा। किस्मत चमकाने वाली 6 अंगूठी, लोग करते हैं बहुत भरोसा ऐसे दासी बनी मां लक्ष्मी ने भर दी माली की झोलीकथा के अनुसार माली ने मां लक्ष्मी से क्षमा-याचना की और कहा कि जो कुछ उसने उनसे करवाया वह सब अज्ञानतावश था। इसके लिए वह उसे माफ कर दें। मां लक्ष्मी ने मुस्कुराते हुए कहा कि जो भी वह नियति थी। इसमें उसका कोई दोष नहीं है। लेकिन जिस तरह उसने मां को अपने परिवार का सदस्य समझा। उसके लिए वह उसे आजीवन सुख-समृद्धि का वरदान देती हैं। देवी लक्ष्मी ने कहा कि माली और उसके परिवार के सदस्यों को जीवन में किसी भी तरह का कष्ट नहीं भोगना पड़ेगा। इतना कहकर देवी अंतर्ध्यान होकर विष्णु लोक वापस चली गई।





# स्वामी विवेकानंद ने समझाया पाप और पुण्य का अर्थ

यह घटना 1899 की है। उन दिनों कलकत्ता में प्लेग फैला हुआ था। कलकत्ता में शायद ही कोई ऐसा घर बचा था जिसमें इस रोग का प्रवेश न हुआ हो। प्लेग ने असमय ही अनेक लोगों को मौत की नींद सुला दिया। यह देखकर हर ओर त्राहि-त्राहि मच गई। जिस भी घर का प्राणी मरता, वहां रोने की चीत्कारें गूंजने लगती थी। सभी परेशान थे।ऐसे में स्वामी विवेकानंद, उनके कई शिष्य स्वयं रोगियों की सेवा करते रहे। वे नगर की गलियां और बाजार साफ करते और जिस घर के मरीज इस बीमारी की चपेट में आ गए थे, उन्हें दवा आदि देकर उनका उपचार करते। तभी कुछ पंडितों की मंडली स्वामी जी के पास आई और बोली, 'स्वामीजी, आप यह ठीक नहीं कर रहे हैं। इस धरती पर पाप बहुत बढ़ गया है इसलिए इस महामारी के रूप में भगवान लोगों को दंड दे रहे हैं। आप लोगों को बचाने का यत्न कर रहे हैं। ऐसा करके जाने अनजाने आप भगवान के कार्यों में बाधा डाल रहे हैं जो अच्छी बात नहीं है।'यह सुनकर स्वामीजी गंभीरता से बोले, 'आप सब यह तो जानते ही होंगे कि मनुष्य इस जीवन में अपने कर्मों के कारण कष्ट और सुख पाता है। ऐसे में जो व्यक्ति कष्ट से पीड़ित है और तड़प रहा है, यदि दूसरा व्यक्ति उसके घावों पर मरहम लगा देता है और उसके कष्ट को दूर करने में मदद करता है तो वह स्वयं ही पुण्य का अधिकारी बन जाता है। अब यदि आपके अनुसार प्लेग से पीड़ित लोग पाप के भागी हैं तो भी हमारे जो सेवक इनकी मदद कर रहे हैं, वे तो पुण्य के भागी बन ही रहे हैं न! बोलिए इस संदर्भ में आपका क्या कहना है?' स्वामीजी की बात सुनकर सभी पंडित भौंचक्के रह गए और चुपचाप सिर झुकाकर वहां से चले गए।

